Credit monitoring helps at improving the credit quality, credit administration, regulatory compliance and review of credit approval process.

2.4 आस्ति निष्पादन

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान अनर्जक आस्तियों में ₹ 405.75 करोड़ की नकद वसूली की है. इसमें से लेजर शेष में ₹ 277.70 करोड़, बट्टेखाते में डाले गए खातों में ₹ 90.38 करोड़ और अप्रयुक्त ब्याज में ₹ 37.67 करोड़ की वसूली हुई है. इसके अतिरिक्त ₹ 107.70 करोड़ की अनर्जक आस्तियों का अर्जक आस्तियों में कोटिउन्नयन किया गया है.

गत वर्ष हुई वसूली (₹ 254.27 करोड़) की तुलना में बैंक ने इस वर्ष 59.62 प्रतिशत सुधार दर्ज किया है. अतिदेयताओं की वसूली हेतु चूककर्ता उधारकर्ताओं के साथ पत्रों तथा नोटिसों के माध्यम से गहन अनुवर्तन, वसूली कैम्प तथा लोक अदालत तथा एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी कार्यान्वयन, मुकदमा दायर एवं डीआरटी मामलों में त्वरित निर्णय लेने हेतु वकीलों के साथ अनुवर्तन इत्यादि के कारण यह संभव हो पाया है.

चालू वर्ष के दौरान सबसे महत्वपूर्ण पहल यह थी कि ₹ 10.00 लाख तक के शेष वाले अनर्जक आस्तियों में वसूली हेतु 10 क्षेत्रीय कार्यालयों में सूक्ष्म आस्ति वसूली कक्षों की स्थापना की गई. इन कक्षों ने बहुत उत्साहवर्धक कार्यनिष्पादन दर्शाया और 4 माह की अवधि में ही कुल ₹ 47 करोड़ की वसूली की.

₹ 5.00 लाख तक के शेष वाले अनर्जक आस्तियों में वसूली हेतु विशेष एक बार निपटारा योजना ने भी बहुत प्रभावी कार्यनिष्पादन दर्शाया. इस योजना के अंतर्गत गत वर्ष के ₹ 16 करोड़ की तुलना में ₹ 45 करोड़ की कुल वसूली हुई.

अनर्जक आस्ति वसूली निष्पादन में वृद्धि और वसूली प्रक्रिया में कर्मचारियों को शामिल करने हेतु बैंक ने वर्ष 2010-11 के दौरान अनर्जक आस्ति खातों की चूककर्ता हानि और बट्टे डाली गई श्रेणियों में कर्मचारियों द्वारा की गई वसूली के लिए एक कर्मचारी प्रोत्साहन योजना आरंभ की है.

सकल अग्रिमों से सकल अनर्जक आस्तियों का अनुपात दिनांक 31.3.2010 के 2.96 प्रतिशत से घट कर दिनांक 31.3.2011 को 2.47 प्रतिशत और निवल अग्रिमों से निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात गत वर्ष के 1.64 प्रतिशत से घट कर दिनांक 31.3.2011 को 1.32 प्रतिशत हो गया.

2.5 विदेशी मुद्रा कारोबार और निर्यात वित्त

वर्ष 2010-11 के दौरान बैंक नें ₹ 18,536.62 करोड़ का व्यापारी आवर्त और ₹ 1,74,090 करोड़ का अन्तर बैंक आवर्त हासिल किया. बकाया निर्यात ऋण 31.03.2010 के ₹ 1088.32 करोड़ की तुलना में 31.03.2011 को ₹ 757.29 करोड़ के रहे. वर्ष के दौरान बैंक ने पांच और शाखाओं को बी-श्रेणीय शाखाओं में नामित किया है, जिससे विदेशी मुद्रा कारोबार करने वाली शाखाओं की कुल संख्या 33 हो गई. मुंबई स्थित अन्तरराष्ट्रीय बैंकिंग शाखा व समूचे देश में फैली 33 बी-श्रेणी शाखाएं ग्राहकों की विदेशी मुद्रा कारोबार की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं.

अनिवासी ग्राहकों को त्वरित सेवा देने हेतु बैंक ने इंट्रानेट के माध्यम से सभी शाखाओं में ऑन-लाईन सहायता उपलब्ध की है.

2.6 निवेश

बैंक के निवेश 31.03.2010 के ₹ 21,323.85 करोड़ की तुलना में दिनांक 31.03.2011 को ₹ 22,491.08 करोड़ के रहे. इस प्रकार 5.47 प्रतिशत की वृध्दि दर्ज हुई. कुल निवेश संविभाग के 78.40 प्रतिशत निवेश परिपक्वता तक धारित तथा 21.60 प्रतिशत निवेश विक्रय हेतु उपलब्ध श्रेणी में रखे गए. गत वर्ष के दौरान निवेशों पर हुई निवल ब्याज आय ₹ 1,297.90 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,520.29 करोड़ हो गई. इस प्रकार 17.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई.

2.7 उधारियां

दिनांक 31.3.2011 को बैंक की कुल उधारियाँ नाबार्ड तथा सिडबी से लिए गए ₹ 377.54 के पुनर्वित्त सहित ₹ 576.56 करोड़ की थीं. दि. 31.03.2010 को कुल उधारियां ₹ 129.45 करोड़ की थीं.

2.8 व्यापारी बैंकिंग

वर्ष के दौरान बैंक ने जारीकर्ता व भुगतान कर्ता एजेंट के रूप में ₹ 9,245.30 करोड़ के कमर्शियल पेपर के 69 निर्गमों का संचलन अपने ग्राहकों के लिए किया और रू.12.55 लाख की कमीशन आय अर्जित की.

2.9 निक्षेपी सेवाएं

बैंक सितंबर 1999 से ही भारतीय केंद्रीय निक्षेपी सेवाएं लिमिटेड (सीडीएसएल) का निक्षेपी सहभागी है. डीमैट खातों में शेष इत्यादि जैसे खाता स्तरीय प्रश्नों की जानकारी बैंक की अभिनिर्धारित 131 वैन सक्षम शाखाओं में उपलब्ध है. इंटरनेट के माध्यम से खाते की स्थिति देखने के लिए बैंक मुफ्त में (सीडीएसएल के माध्यम से) ईएएसआई सुविधा उपलब्ध कर रहा है. महाबैंक जनसंपर्क केंद्रों पर प्रश्न अनुपालन सुविधा सुबह 7.00 बजे से रात 11.00 बजे तक उपलब्ध है. बैंक ने तीन ब्रोकरों से गठबंधन कर अपने ग्राहकों की सेवार्थ ऑन लाइन शेयर ट्रेडिंग सुविधा महा-ई-ट्रेड का शुभारंभ किया है. महा-ई-ट्रेड में प्रतिभूतियों /निधियों पर ग्रहणाधिकार अंकित करना एक प्रमुख गुण है.

2.4 Asset Performance

Bank has achieved total cash recovery of ₹ 405.75 crore in respect of NPAs during the fiscal 2010-11, of which recovery in ledger balance is ₹ 277.70 crore, recovery in written off accounts ₹ 90.38 crore and recovery in unapplied interest ₹ 37.67 crore. This is besides up gradation in NPAs to the tune of ₹ 107.70 crore in to performing assets.

The Bank has registered 59.62 per cent improvement over the previous year's recovery performance (₹ 254.27 crore). This was possible due to intensive follow up with the defaulting borrowers through letters & notices, recovery camps & Lok Adalatas and effective implementation of the provisions of SARFAESI Act and follow up with advocates for early decisions in suit filed & DRT cases.

One of the important initiatives during the current year was establishment of Micro Assets Recovery Cells (MARCs) in 10 Regional Offices for recovery of NPAs with balances up to ₹ 10 lakh. These MARCs have shown a very encouraging performance and have recovered a total amount of ₹ 47 crore within a period of 4 months.

The special OTS scheme for recovery of NPAs having ledger balance up to ₹ 5 lakh has shown a very impressive performance. The total recovery in NPAs under this scheme was ₹ 45 crore as compared to previous year's performance of ₹ 16 crore.

To improve NPA recovery performance and involvement of staff in recovery process, the Bank introduced during the year a staff incentive scheme for the recoveries made by staff in Doubtful, Loss and written off category of non performing accounts during the year 2010-11.

The ratio of Gross NPAs to Gross Advances has decreased from 2.96 per cent as on 31.03.2010 to 2.47 per cent as on 31.03.2011 and the ratio of Net NPAs stood at 1.32 per cent as on 31.03.2011 as against 1.64 per cent a year ago.

2.5 Foreign Exchange Business and Export Finance

During the year 2010-11, the Bank has achieved merchant turnover of ₹ 18,536.62 crore and an interbank turnover of ₹ 1,74,090 crore. The outstanding export credit as on 31st March, 2011 was ₹ 757.29 crore as against ₹ 1,088.32 crore as on 31st March, 2010. During the year Bank has designated five more branches as B-Category branches taking total branches authorized to deal in foreign exchange to 33. The International Banking Branch at Mumbai and 33 B-Category branches across the country cater to the international business needs of the customers.

In order to provide prompt service to Non Resident Clients online help has been provided at all the branches through intranet.

2.6 Investments

The Net investments of the Bank stood at ₹ 22,491.08 crore as on 31.03.2011 as against ₹ 21,323.85 crore as on 31.03.2010, registering growth of 5.47 per cent. Held to Maturity (HTM) category consisted of 78.40 per cent while Available for Sale (AFS) comprised 21.60 per cent of total investment portfolio. The Net Interest Income from investment increased by 17.13 per cent to ₹ 1,520.29 crore from ₹ 1,297.90 crore during the last year.

2.7 Borrowings

The Borrowings of the Bank as on 31.03.2011 stood at ₹ 576.56 crore, including refinance of ₹ 377.54 crore availed from NABARD and SIDBI. The total borrowings as at 31.03.2010 were ₹ 129.45 crore.

2.8 Merchant Banking

The Bank handled 69 issues of Commercial Paper amounting to ₹ 9,245.30 crore for its clients as an issuing and paying agent during the year and earned commission income of ₹ 12.55 lakh.

2.9 Depository Services

The Bank is a Depository Participant (DP) of Central Depository Services India Ltd. (CDSL) since September 1999. Account level queries relating to demat account balances, etc. are available at the 131 identified WAN enabled branches of the Bank. The Bank also provides free "EASI" facility (through CDSL) to view account position through Internet. Query compliance facility is available at Mahabank Facilitation Centre, Mumbai from 7.00 am to 11.00 pm. The Bank has introduced the MAHA e-Trade (Online Share Trading) Service for its customers in association with three brokers. The unique facility of Lien marking on funds / securities is the salient feature of the MAHA e-Trade.

बैंक में डीमैट खाता रखने वाले ग्राहकों में से इन्टरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं को डीमैट खाता पूछताछ सुविधा दी गई है.

2.10 बैंक-बीमा

कारपोरेट एंजेसी समझौते के अन्तर्गत बैंक की सभी शाखाएं यूनाईटेड इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर जीवन बीमा और भारतीय जीवन बीमा निगम के जीवन बीमा उत्पादों का विक्रय करने हेतु प्राधिकृत हैं. बैंक ने वर्ष 2010-11 के दौरान 74706 सामान्य बीमा और 13169 जीवन बीमा पॉलिसियाँ बेचीं. भारतीय जीवन बीमा ने अच्छे कार्य निष्पादन के कारण बैंक की 81 शाखाओं को 'बीमा बैंक' शाखा घोषित किया.

बैंक सभी प्रकार के जमा धारकों के लिए महा सुरक्षा जमा योजना व आवास ऋणकर्ताओं के लिए महा गृह सुरक्षा योजना नामक दो समूह बीमा योजनाओं की सुविधा देता है. यह योजनाएं वहन योग्य लागत पर ऋण जोखिम कम करती हैं

बैंक ने वर्ष 2010-11 में जीवन बीमा के अन्तर्गत ₹ 3.27 करोड़ तथा गैर जीवन बीमा के अन्तर्गत ₹ 2.47 करोड़ का कमीशन अर्जित किया.

2.11 म्युचुअल फण्ड

बैंक ने 16 आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ म्युचुअल फण्डों के उत्पाद बेचने का गठबंधन किया है. दिनांक 31.3.2011 तक बैंक ने ₹ 600 करोड़ का म्युचुअल फण्ड कारोबार किया और वर्ष के दौरान बैंक ने ₹ 57 लाख का कमीशन अर्जित किया.

2.12 सरकारी कारोबार

वर्ष 2010-2011 के दौरान कुल 3,10,502 प्रत्यक्ष कर चालान वसूले गए और ₹ 1.39 करोड़ का कमीशन प्राप्त हुआ. इसी प्रकार 1,48,507 अप्रत्यक्ष कर चालान वसूले गए और ₹ 0.66 करोड़ का कमीशन प्राप्त हुआ.

बैंक ने केन्द्रीय पेंशन प्रोसेसिंग कक्ष, पुणे में 1,10,000 केन्द्र सरकार के पेंशनरों की पेंशन की गणना कर उसे खाते में जमा करने का कार्य आरंभ किया. नए पीपीओ/पीपीओ के शुद्धिपत्र का भुगतान और जांच, केन्द्र सरकार के पेंशनरों का मास्टर डाटा बेस इत्यादि का कार्य केन्द्रीय पेंशन प्रोसेसिंग कक्ष, पुणे द्वारा किया जा रहा है. इसके कारण त्वरित और सही पेंशन का भुगतान और भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ निधियों का शीघ्र निपटान संभव हुआ है.

बैंक चुनिंदा शाखाओं में काउंटरों पर करों के भुगतान और नेट बैंकिंग के माध्यम से करों के ई-भुगतान की सुविधा प्रदान करता है.

2.13 अब्याजी आय

31.03.2010 को समाप्त वर्ष में अर्जित ₹ 591.24 करोड़ की अब्याजी आय की तुलना में 31.03.2011 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 530.86 करोड़ की अब्याजी आय हुई. निवेशों के विक्रय में हुए लाभ में ₹ 141.65 करोड़ की कमी के कारण मुख्यतः अब्याजी आय में कमी आई. तथापि वित्तीय वर्ष 2010-2011 के दौरान निवेशों की बिक्री से लाभ को छोड़कर अब्याजी आय में ₹ 81.27 करोड़ की वृद्धि हुई. इस प्रकार पिछले वर्ष के ऊपर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई. म्युचुअल फंड वितरण, बैंक बीमा कारोबार, सरकारी कारोबार, डीमैट सेवाएं और शेयरों की ऑनलाईन ट्रेडिंग सुविधा के अतिरिक्त अब्याजी आय बढ़ाने के लिए बैंक नए साधनों की खोज सतत आधार पर करता है.

2.14 आय , व्यय और लाभप्रदता

बैंक की कुल आय ₹ 5,326.80 करोड़ से बढ़कर ₹ 6,093.95 करोड़ की हो गई. इस प्रकार वर्ष के दौरान 14.40 प्रतिशत की वृध्दि हुई. आय/व्यय घटकों के विवरण इस प्रकार हैं -

(₹ करोड़ में)

विवरण	2009-10	2010-11	अंतर (%)
अग्रिम / बिलों पर ब्याज / डिस्काउंट	3369.63	4006.14	18.89
निवेश पर आय	1297.90	1520.30	17.13
अन्तर बैंक उधारी पर ब्याज व अन्य ब्याज	68.03	36.65	-46.13
कुल ब्याज आय	4735.56	5563.09	17.47
अब्याजी आय	591.24	530.86	-10.21
कुल आय	5326.80	6093.95	14.40
जमा पर ब्याज	3183.06	3282.75	3.13

Demat Account enquiry facility is provided to internet banking users who have demat account with the Bank.

2.10 Bancassurance

All the Branches of the Bank are authorized to sell life insurance products of LIC of India and Non-Life insurance products of United India Insurance Co. Ltd under the corporate agency arrangements. The Bank sold 74706 general insurance and 13169 life insurance policies during the year 2010-11. The LIC declared 81 branches of the Bank as 'Bima Bank' for their performance.

The Bank offers two group insurance schemes namely 'Maha Suraksha' Deposit Scheme for all deposit account holders and 'Maha Grih Suraksha' for those availing Home Loans to facilitate life cover which also mitigates credit risk at very affordable cost.

Bank earned a commission of ₹ 3.27 crore under Life Insurance and ₹ 2.47 crore under General Insurance during year 2010-11.

2.11 Mutual Funds

The Bank has tie up with 16 Asset Management Companies for selling Mutual Fund products. The mutual fund business mobilized by the Bank stood at ₹ 600 crore as on 31.03.2011 and the Bank earned commission income of ₹ 57 lakh during the year.

2.12 Government Business

During the year 2010-11, 3,10,502 challans of Direct Taxes were collected and commission to the tune of ₹ 1.39 crore was received. Similarly 1,48,507 challans of Indirect Taxes were collected and commission of ₹ 0.66 crore was received.

The Bank has started processing and crediting monthly pension payment of more than 1,10,000 central Government pensioners at Central Pension Processing Cell (CPPC) Pune. The processing and payment for new PPOs/ Corrigendum PPOs, Master Data base for central Government pensioners etc are being handled by CPPC. This facilitates faster and accurate payment of pension as well as quick settlement of funds by RBI.

The facility of tax collection is provided by the Bank both at the branch counters in selected branches and through net banking, i.e. e-payment of taxes.

2.13 Non Interest Income

The non-interest income stood at ₹ 530.86 crore for the year ended 31.03.2011 as against ₹ 591.24 crore for the year ended 31.03.2010. The reduction in non-interest income is mainly on account of decrease in profit on sale of investment by ₹ 141.65 crore. However, non-interest income other than profit from sale of investment increased by ₹ 81.27 crore in the FY 2010-11, showing a growth of 21 per cent over previous year. The Bank continues to look at new avenues to shore up its fee based income besides bancassurance, Mutual fund distribution, government business, demat services and online share trading facility to increase non-interest income.

2.14 Income, Expenditure and Profitability

The total income of the Bank grew to ₹ 6,093.95 crore from ₹ 5,326.80 crore depicting revenue growth of 14.40 per cent during the year. The detailed income/ expenditure components are as under:

(₹ in crore)

Particulars	2009-10	2010-11	Variation (per cent)
Interest / discount on advances / bills	3369.63	4006.14	18.89
Income on investments	1297.90	1520.30	17.13
Interest on interbank lending & other Interest	68.03	36.65	-46.13
Total interest income	4735.56	5563.09	17.47
Non-interest income	591.24	530.86	-10.21
Total Income	5326.80	6093.95	14.40
Interest on deposits	3183.06	3282.75	3.13

विवरण	2009-10	2010-11	अंतर (%)
उधारी पर ब्याज	256.25	311.94	21.73
ब्याज खर्च	3439.31	3594.69	4.52
स्टाफ खर्च(एएस-15 के प्रावधान(संशोधित) सहित)	655.50	1157.08	76.52
स्टाफ खर्च (एएस-15 के प्रावधान(संशोधित) रहित)	603.20	681.39	12.96
गैर स्टाफ खर्च	417.45	487.14	16.69
कुल अब्याजी खर्च	1072.95	1644.22	53.24
कुल परिचालन खर्च	4512.26	5238.91	16.10
परिचालनगत लाभ	814.55	855.03	4.97
प्रावधान व आकस्मिकताएं	374.97	524.64	39.91
निवल लाभ	439.58	330.39	-24.84

2.15 वित्तीय अनुपात :

विवरण	2009-10	2010-11
प्रति शेयर कमाई (₹)	10.21	6.86
आय से लागत का अनुपात (%)	56.85	65.79
आस्तियों पर आय	0.70	0.47
इक्विटी पर आय	20.79	15.58
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	49.12	49.18
प्रति शाखा लाभ (₹ लाख में)	30.25	21.51
प्रति कर्मचारी लाभ (₹ लाख में)	3.21	2.38
प्रति शाखा कारोबार (₹ करोड़ में)	71.73	74.43
प्रति कर्मचारी कारोबार (₹ करोड़ में)	7.62	8.25
औसत कार्यकारी निधियों से प्रतिशत के रूप में ब्याज आय	7.50	7.92
औसत कार्यकारी निधियों से प्रतिशत के रूप में अब्याजी आय	0.94	0.76
औसत कार्यकारी निधियों से प्रतिशत के रूप में ब्याज स्प्रैड	2.05	2.80
औसत कार्यकारी निधियों से प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लाभ	1.29	1.22
औसत कार्यकारी निधियों से कर्मचारी खर्च	1.04	1.65
औसत कार्यकारी निधियों से स्टाफ खर्च (एएस-15 के प्रावधान(संशोधित) रहित)	0.95	0.97
लाभांश (प्रतिशत)	20.00	20.00

2.16 भारत सरकार से पूंजी

वर्ष के दौरान प्रमुख पूंजीधारक भारत सरकार ने बेमीयादी गैर संचयी अधिमान्य शेयरों के रूप में ₹ 588 करोड़ और ईक्विटी शेयर के रूप में ₹ 352 करोड़ की अतिरिक्त पूंजी बैंक में लगाई.

2.17 नेटवर्थ

बैंक की निवल वर्थ 31.03.2010 के ₹ 2,114.46 करोड़ की तुलना में 31.03.2011 को बढ़कर ₹ 2,709.24 करोड़ की हो गई

2.18 पूंजी पर्याप्तता अनुपात

दिनांक 31.03.2011 को बेसल II मानदंडों के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 9 प्रतिशत के न्यूनतम मानदंड की तुलना में 13.35 प्रतिशत का रहा. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 6 प्रतिशत की तुलना में टीयर - I पूंजी पर्याप्तता अनुपात 8.02 प्रतिशत रहा.

2.19 लाभांश

निदेशक मंडल ने 31.03.2011 को समाप्त वर्ष के लिए 20 प्रतिशत का लाभांश प्रस्तावित किया है.

Particulars	2009-10	2010-11	Variation (per cent)
Interest on borrowings	256.25	311.94	21.73
Interest expenditure	3439.31	3594.69	4.52
Staff expenses (INCLUDING Provision as per AS-15 (Revised)	655.50	1157.08	76.52
Staff expenses (EXCLUDING Provision as per AS-15 (Revised)	603.20	681.39	12.96
Non staff expenses	417.45	487.14	16.69
Total Non interest expenses	1072.95	1644.22	53.24
Total Operating Expenses	4512.26	5238.91	16.10
Operating Profit	814.55	855.03	4.97
Provisions and Contingencies	374.97	524.64	39.91
Net Profit	439.58	330.39	-24.84

2.15 Financial ratios

Particulars	2009-10	2010-11
EPS (₹)	10.21	6.86
Cost to Income Ratio (per cent)	56.85	65.79
Return on assets (per cent)	0.70	0.47
Return on equity (per cent)	20.79	15.58
Book Value per Share (₹)	49.12	49.18
Profit per Branch (₹ In lakh)	30.25	21.51
Profit per Employee (₹ In lakh)	3.21	2.38
Business per Branch (₹ In crore)	71.73	74.43
Business per Employee (₹ In crore)	7.62	8.25
Interest income as per cent to Average working funds	7.50	7.92
Non Interest income as per cent to average working funds	0.94	0.76
Interest spread as per cent to average working funds	2.05	2.80
Operating Profit as per cent to average working Funds	1.29	1.22
Staff expenses to average working funds	1.04	1.65
Staff expenses (excluding Provision as per AS-15 (Revised) to average working funds)	0.95	0.97
Dividend (per cent)	20.00	20.00

2.16 Capital from GOI

During the year, the major share holder, Government of India, have infused additional capital in the form of perpetual non-cumulative preference shares (PNCPS) ₹ 588 crore and equity share capital ₹ 352 crore.

2.17 Networth

The Bank's Net worth increased from ₹ 2,114.46 crore as on 31.03.2010 to ₹ 2,709.24 crore as on 31.03.2011.

2.18 Capital Adequacy Ratio

The Capital Adequacy Ratio stood at 13.35 per cent as on 31.03.2011, against the minimum 9 per cent prescribed by RBI in terms of Basel II norms. The Tier I capital adequacy ratio stood at 8.02 per cent as against RBI's prescription of 6 per cent.

2.19 Dividend

The Board of Directors has proposed a dividend of 20 per cent for the year ended 31.03.2011.

3. संगठन और समर्थन प्रणाली

3.1 शाखा विस्तार

बैंक ने वर्ष के दौरान 83 नई शाखाएं खोलीं. दिनांक 31.03.2011 को बैंक शाखा नेटवर्क में कुल 1536 शाखाएं थीं. यह शाखा नेटवर्क 24 राज्यों तथा 2 संघशासित क्षेत्रों में फैला हुआ है. इस शाखा नेटवर्क में विदेशी मुद्रा, सरकारी कारोबार, खजाना एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, औद्योगिक वित्त, एसएमई तथा उच्च तकनीक कृषि क्षेत्रों की विशेषज्ञ शाखाएं, पेंशन भुगतान शाखा, केंद्रीय पेंशन प्रोसेसिंग कक्ष, रिटेल हब, स्व-सहायता समूह तथा आस्ति वसूली शाखाएं शामिल हैं. दिनांक 31.03.2011 को शाखाओं का क्षेत्रवार वर्गीकरण नीचे सारणी में दिया गया है.

अ.क्र.	वर्गीकरण	31.3.2010 को	31.03.2011 को
1	ग्रामीण	526	538
2	अर्ध-शहरी	266	293
3	शहरी	281	301
4	महानगरीय	380	404
	कुल जोड़	1453	1536

3.2 मानव संसाधन प्रबंधन

बैंक ने व्यापक मनुष्यबल नीति लागू की है. नीति में आवश्यकता आधारित व उचित मानव संसाधन हासिल करने, प्रशिक्षण, कार्य संवर्धन. पुरस्कार, कार्यनिष्पादन के लिए मान्यता व जिम्मेदारी, पदोन्नति व कल्याण इत्यादि के माध्यम से कर्मचारियों को रोके रखने तथा इनके विकास हेतु योजना दी गई है.

दिनांक 16.09.2009 को बैंक की सेवा में कार्यरत सभी पात्र कर्मचारियों को प्लॅटिनम ज्युबिली समारोह के भागस्वरूप स्वर्ण मुद्रा के रूप में स्मृतिचिह्न वितरित किए गएं.

वर्ष के दौरान बैंक ने पहली बार सीधे साक्षात्कार प्रकिया द्वारा 1000 लिपिकों की नियुक्ति की. सभी संवर्गों के लिए आंतरिक पदोन्नती प्रक्रिया पूरी की गई. वर्ष के दौरान वेतनमान 1 से वेतनमान 5 तक पदोन्नतियां हुई और प्रक्रिया में 581 अधिकारियों की पदोन्नति हुई. 400 लिपिकों को अधिकारी संवर्ग में पदोन्नत किया गया. 392 परिवीक्षाधीन अधिकारियों के भर्ती की प्रक्रिया बैंक ने पूर्ण की. विशिष्ट संवर्ग के स्टाफ तथा परिचालनगत सक्षमता बढ़ाने एवं विशिष्ट ग्राहक सेवा में सुधार हेतु व बार-बार परिवर्तित सीबीएस तकनीक की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 96 एमबीए स्नातक अधिकारी, 32 कृषि अधिकारी, 38 कृषि कारोबार सुगमता अधिकारी तथा 25 सनदी लेखाकारों की भर्ती की गई.

वर्ष 2010-11 में सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र इत्यादि कारणों से बैंक की सेवा से बाहर जाने वाले कर्मचारियों की संख्या 732 थी.

बैंकिंग गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य निष्पादन दर्शाने वाले कर्मचारियों को मान्यता देने व अन्यों को अच्छे कार्यनिष्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु अध्यक्ष के क्लब की सदस्यता, बेहतर प्रबंधित शाखा / क्षेत्र ट्रॉफी, बेहतर कार्य करने वाली शाखाओं के सभी स्टाफ सदस्यों को नगदी पुरस्कार देने की योजनाएं प्रचलित हैं.

इस वर्ष से अ.जा./ अ.ज.जा. समुदाय को अग्रिमों का वितरण तथा वसूली में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखा को भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से चल ट्रॉफी का नया पुरस्कार दिया गया.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित सभी स्टाफ सदस्यों के कल्याणार्थ बैंक के पास विभिन्न योजनाएं हैं. कर्मचारियों के कल्याण के लिए बैंक निवल लाभ का 3 प्रतिशत आबंटित करता रहा है. ट्रस्ट द्वारा योजनाओं का प्रशासन किया जाता है.

उद्योग संबंधित मामलो के उचित, पारदर्शक व दृढ़ संचलन के जरिए बैंक का प्रयास सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध वातावरण बनाने का रहा.

बैंक, भारत सरकार की आरक्षण नीति का पालन करता है. आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निगरानी करने तथा अ.जा./ अ.ज.जा. / ओ.बी.सी./ शारीरिक रूप से विकलांग व भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण हेतु केन्द्रीय कार्यालय में तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में विशेष कक्ष कार्यरत हैं. बैंक ने केन्द्रीय कार्यालय में दो मुख्य संपर्क अधिकारी नामित किए हैं और इस उद्देश्य के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में अ.जा. / अ.ज.जा. कक्ष स्थापित किए हैं. वर्ष के दौरान आरक्षण नीति के कार्यान्वयन तथा अन्य संवैधानिक सुरक्षा पर चर्चा करने और कारोबार वृध्दि में उनका सहभाग सुनिश्चित करने हेतु अ.जा./ अ.ज.जा. / ओ.बी.सी. एम्प्लॉईज एसोसिएशन के साथ केंद्रीय कार्यालय में आवधिक बैठकें आयोजित की गई. क्षेत्रीय स्तर पर भी नियमित बैठकें आयोजित की गई.

3. ORGANISATION AND SUPPORT SYSTEM

3.1 Branch Expansion

During the year, the Bank opened 83 new branches. As on 31.03.2011, the total branch network comprised of 1536 branches spread over 24 states and 2 union territories. The branch network includes specialized branches of foreign exchange, government business, treasury & international banking, industrial finance, SME, hi-tech agriculture, pension payment, pension processing, retail credit, Self Help Group and asset recovery. Area wise classification of branches as on 31.03.2011 is given in the table below:

Sr. No.	Classification	As on 31.03.2010	As on 31.03.2011
1	Rural	526	538
2	Semi-Urban	266	293
3	Urban	281	301
4	Metropolitan	380	404
	Total	1453	1536

3.2 Human Resources Management

The Bank has put in place a comprehensive HRM Policy Document that provides road map for acquiring appropriate & need based Human Resources, its development through training, job enrichment, reward and recognition for better performance, career progression, welfare and retention.

As part of Platinum Jubilee Celebration, a memento in the form of Gold Coin was presented to all eligible employees who were in service of the Bank as on 16.09.2009.

During the year, Bank has for the first time taken up recruitment of 1000 Clerks through direct interview process. Internal promotion process for all cadres was also carried out. During the year, promotions have taken place from Scale I to Scale VII and total 583 Officers were promoted in the process besides 400 Clerks getting promoted to Officer Cadre. Process of recruitment of 392 Probationary Officers is completed. Considering the requirement of specialized cadre of staff and ever changing CBS technology for improving operational capabilities and specialized customer service, 96 MBA qualified Officers, 25 Chartered Accountants, 32 Agriculture Officers, and 38 Agri. Business Facilitators were recruited.

In the year 2010-11, 732 employees ceased to be in service on account of retirement, resignation etc.

To recognize outstanding performance in Banking activities and to motivate others to perform better, membership to Chairman's Club, Better Managed Branch/Region trophy, cash incentives to all staff of Best Performing Branches are in vogue.

From this year, a Rolling Trophy in the name of Bharat Ratna Dr. Babasaheb Ambedkar to the best performing branch in disbursement and recovery of advances to SC/ST borrowers has been instituted.

The Bank has been allocating up to 3 per cent of its net profit towards various schemes for the welfare of staff including retired staff. The welfare schemes are administered by a Trust.

The Bank has continued to promote and maintain a healthy industrial relations climate through fair, transparent and firm handling of Industrial related matters.

The Bank has been complying with the reservation policy of Govt. of India. Special Cells at Central Office and all Regional Offices are functioning to monitor the implementation of the Reservations Policies and to redress grievances of SC/ST/OBC & Physically Challenged employees as well as Ex-Servicemen. The Bank has designated two Chief Liaison Officers at C.O. and has set up SC/ST Cells at all its Regional Offices for the purpose. During the year, periodical meetings were held with SC/ST/OBC Employees' Association at C.O. to discuss implementation of reservation policy and other constitutional safeguards and also to facilitate involvement in business growth. Similar meetings were also held at Regional level.

विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :

अ.क्र.	विवरण	कर्मचारियों की संख्या	कुल से प्रतिशत
1.	महिला कर्मचारी	3154	22.75
2.	विकलांग कर्मचारी	192	1.39
3.	अनुसूचित जाति कर्मचारी	2754	19.87
4.	अनुसूचित जनजाति कर्मचारी	991	7.15
5.	अन्य पिछड़ी जाति कर्मचारी	880	6.35

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार रोस्टर रखे गए व उनका नियमित निरीक्षण / जांच की गई.

प्रशिक्षण गतिविधियां :

बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली वर्तमान व उभरते हुए कारोबारी अवसरों के अनुरूप विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से कुशलता अन्तर के मूल्यांकन पर जोर देती है. ऋण में कुशलता निर्माण, फोरेक्स, ग्राहक संबंध प्रबंधन, उत्पाद व सेवाओं का विपणन, ऋण निगरानी व वसूली, जोखिम प्रबंधन, तकनीक आधारित बैंकिंग, शाखा प्रबंधन, सांविधिक, विधिक, कानूनी व नीति आवश्यकताओं का अनुपालन तथा निवारक सतर्कता इत्यादि के प्रशिक्षण पर वर्ष के दौरान विशेष ध्यान दिया गया.

एसएमई वित्तपोषण ,रिटेल उधारी, कृषि वित्त व ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए.

वर्तमान में बैंक का पुणे में शीर्ष प्रशिक्षण महाविद्यालय है, जिसके पर्यवेक्षण में तीन प्रशिक्षण संस्थान पुणे, मुंबई व नागपुर में कार्यरत हैं. सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानत तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में कम्प्यूटर लैब प्रभावी ग्राहक सेवा तथा कुशल पृष्ठ कार्यालय कार्य हेतु कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हैं.

वर्ष के दौरान के सभी प्रशिक्षण संस्थानों ने कुल 330 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए. इन कार्यक्रमों में से 108 कार्यक्रम अधिकारियों के लिए, 141 कार्यक्रम लिपिकों के लिए और 81 कार्यक्रम अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए चलाए गए. इसमें से 33 स्थानीय प्रशिक्षण 28 क्षेत्रों में आयोजित किए गए और 592 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया.

वर्ष के दौरान आंतरिक और बाहरी, दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 4294 अधिकारियों, 3324 लिपिकों और 1130 अधीनस्थ कर्मचारियों सहित कुल 8748 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया. उपरोक्त में से अनुसूचित जाति के 2277 कर्मचारियों और अनुसूचित जनजाति के 1130 कर्मचारियों और 1218 महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया.

वर्तमान प्रशिक्षण ढ़ांचे के अतिरिक्त देश भर मे फैले आईटी लैब शाखा व क्षेत्रीय कार्यालयों के अन्तिम उपयोगकर्ताओं की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं. वर्ष के दौरान 1848 स्टाफ सदस्यों को सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया. उपरोक्त में से प्रभावी ग्राहक सेवा तथा कुशल पृष्ठ कार्यालय कार्य हेतु 1374 स्टाफ सदस्यों को कोर बैंकिंग समाधान सॉफ्टवेअर (सीबीएस) के संचलन का प्रशिक्षण दिया गया.

वर्ष के दौरान कुशलता और क्षमता विकसित करने के लिए 76 कार्यपालक / वरिष्ठ अधिकारियों ने ऋण पर क्रिसिल कार्यपालक प्रशिक्षण मोड्यूल में सहभाग लिया. वित्तीय व बैंकिंग क्षेत्र की गतिविधियों को समझने और वैश्विक अनुभव प्राप्त करना सुगम बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सम्मेलनों, अंतर्राष्ट्रीय बैठकों इत्यादि में भाग लेने हेतु 12 कार्यपालकों को अन्य देशों में प्रतिनियुक्त किया गया.

मार्च 2011 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एक विशेष पूर्व-सेवानिवृत्ति समुपदेशन कार्यक्रम नवंबर 2010 में केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित किया गया. 119 कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में सहभाग लिया. निवेश पर व्याख्यान के अलावा, सहभागियों का स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.

3.3 प्रौद्योगिकी पहल

बैंक की कारोबारी आवश्यकताओं के साथ परिचालनगत क्षमताओं में सुधार करने व ग्राहक की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक, सूचना और संप्रेषण तकनीक का उपयोग कर रहा है. सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वर्ष 2010-11 बैंक के लिए एक फलदायी वर्ष रहा. वर्ष के दौरान बैंक ने सभी 1536 शाखाओं को सीबीएस के अन्तर्गत लाया, एटीएम नेटवर्क को 417 तक विस्तारित किया तथा विभिन्न नए उत्पादों एवं सेवाओं का शुभारंभ किया.

बैंक की क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अर्थात महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक में 100 प्रतिशत सीबीएस का कार्यान्वयन आरंभ किया गया और वर्ष के दौरान पूर्ण किया गया.

बैंक ग्राहक केंद्रीत तथा सूचना प्रौद्योगिकी संगत उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान कर रहा है.

The number of employees belonging to different categories is as under:

Sr. No	Category of Employees	No. of Employees	Percentage to total
1.	Women	3154	22.75
2.	Physically Challenged	192	1.39
3.	SC Employees	2754	19.87
4.	ST Employees	991	7.15
5.	OBC Employees	880	6.35

Rosters have been maintained as per Govt. guidelines and are regularly inspected / checked.

Training Activities:

The Bank has a training system which facilitates attention to regular periodic assessment of skill gaps at various levels in relation to existing and emerging business opportunities. Skill building in Credit, Forex, Customer Relationship Management, Marketing of products and services, Credit Monitoring and Recovery, Risk Management, Technology based Banking Branch Management, complying with statutory, legal and policy requirements and preventive vigilance were given special attention for imparting training during the year.

The training programmes were also held on thrust areas like financing SMEs, retail lending, agriculture finance and rural development.

Presently, the Bank has an apex Training College at Pune with three training establishments operating under it, one each at Mumbai, Nagpur and Pune. Information Technology Training Institute and Computer Labs at Regional Offices train the Officers and staff to utilize Information Technology for effective customer service and efficient back office functions.

During the year, all the training establishments of the Bank together conducted a total of 330 programs, out of which 108 were for Officers, 141 for clerks and 81 for sub-staff members. Out of above, 33 locational trainings were arranged at 28 Regions and trained 592 staff members.

A total of 8748 employees participated in various training programmes during the year, both in-house and external, comprising of 4294 officers, 3324 clerks and 1130 sub-staff members of whom 2277 were SC employees, 1130 ST employees and 1218 women employees.

The IT Labs across the country in addition to the existing training infrastructure cater to the training needs of the end users at the branches and Regional Offices. During the year, 1848 staff members were imparted training under IT. Out of above, 1374 members of staff were trained to handle the Core Banking Solution (CBS) software for efficient customer service and back office function.

76 Executives / Senior Officers participated in CRISIL Executive training modules on Credit which were held during the year for building skills & enhancing efficiency. 12 Executives / Officers were deputed abroad for training programmes, participation in seminars, International meetings etc. for facilitating global experience and exposure to developments taking place in banking & financial services in other countries.

A unique Pre- retirement Counseling programme for the employees retiring by March 2011 was arranged at Head Office in November 2010. 119 employees participated in the programme. Besides lectures on investments, health checkup of participants was also arranged.

3.3 Technology Initiatives

The Bank has been leveraging the tools of Information and Communication Technology for improving the operational capabilities and for meeting the customer needs and aligning with the business requirements of the Bank. The year 2010-2011 has been a fruitful year for the Bank in the Information Technology area. During the year, the Bank stabilized the Core Banking Solution at all 1536 branches, expanded the ATM network to 417 and introduced various new products & services.

The implementation of 100 percent CBS in the Regional Rural Bank of the Bank, i.e. Maharashtra Gramin Bank was initiated and completed during the year.

The Bank has been offering an enticing bouquet of customer-centric IT products and services.

3.3.1 वर्ष 2010-2011 के दौरान प्रमुख आईटी पहल और उपलब्धियां

- बैंक के एटीएम के माध्यम से आयकर की भुगतान की सुविधा उपलब्ध की गई.
- इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर जमा विवरण (फॉर्म 26 एएस) देखने की सुविधा उपलब्ध की गई.
- इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं को आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से सीधे अंतरबैंक निधि अंतरण की सुविधा दी गई.
- केन्द्रीकृत वेतन : विभिन्न बीपीआर पहलुओं के भागस्वरूप वर्ष के दौरान केन्द्रीकृत वेतन प्रोसेसिंग का कार्यान्वयन किया गया जिसके अंतर्गत संपूर्ण बैंक के लिए वेतन प्रोसेसिंग और संबंधित गतिविधियां केन्द्रीय कार्यालय, पुणे में संपन्न होती है. वेतन जमा करना, ऋण खाते में किश्त जमा करना, टीडीएस कटौती और प्रेषण, फॉर्म 16 का निर्माण और प्रस्तुतिकरण इत्यादि कार्य अब केन्द्रीकृत रूप से कि जाते हैं.
- वर्ष के दौरान आईसीटी मॉडल (सूचना और संप्रेषण साधन) के माध्यम से वित्तीय समावेशन योजना लागू की गई. कवर न किए गए 1.12 लाख घरों वाले 484 गांवों को 31.03.2011 तक वित्तीय समावेशन में शामिल किया गया.
- ई-लॉन्ज - बैंक ने पुणे, मुंबई और दिल्ली में उच्च मालियत वाले व्यक्तियों, तकनीकसंगत और युवा पीढ़ी के ग्राहकों के लिए ऑनलाईन बैंकिंग व्यवहार हमारी संरचना का उपयोग करते हुए करने के लिए ई-लॉन्ज सुविधा उपलब्ध की गई. यह लॉन्ज सेल्फ सर्विसिंग पासबुक प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक चेक जमा मशीन और इंटरनेट टर्मिनल इत्यादि सुविधाओं से युक्त है.

3.3.2 अन्य आई.टी. पहल

कोर बैंकिंग सोल्यूशनः

देशभर में फैली सभी 1536 शाखाएं सीबीएस के अंतर्गत लाई गई हैं.

बैंक ने सीबीएस के अन्तर्गत सभी 34 विदेशी मुद्रा शाखाओं में फोरेक्स व टीआईबीडी में ई-खजाना मोडयूल कार्यान्वित किएं.

बैंक ने धन शोधन निवारण मोडयूल का कार्यान्वयन किया है तथा ग्राहक संबंध प्रबंधन, अंतरण मूल्यांकन तंत्र तथा आस्ति देयता प्रबंधन से संबंधित अन्य मोडयूल कार्यान्वयन के अंतिम स्तर पर है, जो बैंक प्रबंधन की निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) को सशक्त बनाएंगे.

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में सीबीएस का कार्यान्वयन -

दिनांक 31.03.2011 को बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक की सभी 329 शाखाएं सफलतापूर्वक सीबीएस प्लेटफार्म को अंतरित हो गई.

डाटा सेन्टर, आपदा रिकवरी साईट व निअर साईटः

सीबीएस बुनियादी संरचनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक का अपना स्वयं का डाटा सेन्टर (सीएमएम लेवल III) पुणे में है और हैदराबाद में आपदा रिकवरी (डी.आर.) साईट स्थापित है. दिनांक 13.03.2011 से बैंक द्वारा नीअर साईट के रूप में एक तिसरी साईट का कार्यान्वयन किया गया. दूरी के कारण होने वाली अनुमानित शून्य डाटा हानि, भारी मात्रा में आंकड़ों की उपलब्धता, उच्च कार्यनिष्पादनता, शुध्दता और भरोसेमंद होने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी कुशलता स्तर में वृद्धि, लागत में कमी और परिचालनगत लचीलापन सुगम बनाना इत्यादि के कारण बैंक ने इस सोल्यूशन का चयन किया. हम उन गिने चुने सरकारी क्षेत्र के बैंकों में से एक है, जिन्होंने नीअर साईट अवधारणा का कार्यान्वयन किया है.

एटीएम नेटवर्क

बैंक ने देशभर में अपना एटीएम नेटवर्क वर्ष के आरंभ में 345 एटीएम से बढ़ाकर 417 एटीएम का कर दिया है और परियोजना को पूर्ण रूप से आऊटसोर्स कर दिया है. डेबिट कार्ड हेतु बैंक का वीसा के साथ समझौता हुआ है. बैंक ने एनपीसीआई जैसे अन्य शेयर्ड एटीएम नेटवर्क के साथ गठबंधन किया ताकि बैंक के ग्राहक देश भर में फैले 50000 से अधिक एटीएम का लाभ ले सकें. अशिक्षित ग्राहकों व पेंशनरों के लाभार्थ 11 बायोमेट्रीक एटीएम लगाए गए. आने वाले वर्ष में एटीएम नेटवर्क का विस्तार बढ़ाकर कुल 750 एटीएम करने की बैंक की योजना है.

कार्पोरेट नेटवर्क

बैंक ने 'महानेट' नामक स्वयं का कार्पोरेट नेटवर्क स्थापित किया है. अद्यतित आईटी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नेटवर्क पुनर्स्थापित किया गया है. सभी 1536 शाखाएं, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रशिक्षण केन्द्र / महाविद्यालय तथा केन्द्रीय कार्यालय अब आपस में जोड़ दिए गए हैं.

3.3.1 Major I.T Initiatives & Achievements during 2010-11

- Facility of income tax payment through Bank's ATMs is made available.
- Facility to view tax credit statement (Form 26AS) through internet banking is made available.
- Inter bank funds transfer facility is made available to internet banking users for directly remitting funds through RTGS/NEFT
- Centralized Salary: As part of the various BPR initiatives, Centralized Salary Processing was implemented during the year, whereby the entire salary processing and related activities have been centralized and undertaken from Central Office for the Bank as a Whole. Credit of salary, credit to loan accounts, TDS deduction & remittance, generation and submission of Form 16, etc are all undertaken centrally now.
- Financial Inclusion Plan implemented adopting the ICT (Information and Communication Tool) model during the year. 484 villages have been covered having 1.12 lakh uncovered households, as on 31.03.2011.
- e-Lounge: Bank has set up e-lounges, one each at Pune, Mumbai and Delhi, for the benefit of High Networth Individuals, tech savvy and young generation customers for doing online banking transactions using the infrastructure. The lounge is equipped with self servicing passbook printer and electronic cheque deposit machine and internet available terminals.

3.3.2 Other IT Initiatives

Core Banking Solution (CBS):

All the 1536 branches across the country are covered under Core Banking Solution (CBS).

Bank has implemented FOREX module under CBS at all the 34 FEX centers and e-Treasury module at TIBD.

Bank has implemented Anti Money Laundering module and is in the process of implementing other modules relating to Customer Relation Management, Transfer Pricing Mechanism and Asset Liability Management which will strengthen decision support system (DSS) of the bank management.

Implementation of Core Banking Solution in Regional Rural Bank (RRB):

As on 31/03/2011, all the 329 branches of Maharashtra Gramin Bank, the RRB sponsored by the Bank, have been brought on CBS platform.

Data Centre, Disaster Recovery Site & Near Site:

The Bank has its own Data Center (CMM Level III) at Pune to take care of the CBS infrastructure requirements with Disaster Recovery (DR) site at Hyderabad. The concept of NEAR SITE as a third site replication mechanism has been implemented by the Bank with effect from 13/03/2011. This solution was selected by the Bank for its anticipated zero data loss over distance, high levels of data availability, high performance, accuracy and reliability, while enhancing the IT infrastructure efficiency level, reducing costs and enabling operational flexibility. We are one of the few public sector banks to implement the concept of near site.

ATM Network:

Bank has increased its ATM Network from 345 ATMs at the start of the year to 417 ATMs across the country by the end of the year and the project is totally outsourced on end to end basis. Bank has collaborated with VISA for the Debit Cards. Bank has joined other shared ATM Networks like NPCI which enabled access to 50000 plus ATMs in the country for our customers. Eleven ATMs are bio-metric enabled for the benefit of illiterate customers and pensioners. Bank is planning to expand the ATM network further in the ensuing year to make it 750 in all.

Corporate Network:

The bank has established its own Corporate Network - 'MAHANET'. The network was restructured to take care of the latest IT requirements. As of date, the connectivity has been established at 1536 branches, Regional Offices, Training Colleges / Centres and Central Office.

महानेट के माध्यम से सीबीएस, एटीएम नेटवर्क, आरटीजीएस, डीमैट, इंट्रानेट, ऋण जोखिम रेटिंग, ऑन लाईन कर भुगतान प्रणाली, क्षेत्रीय कार्यालय सॉफ्टवेयर इत्यादि जैसे अनुप्रयोगों को कार्यान्वित किया गया है.

सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, सीबीएस शाखाओं और प्रधान कार्यालय में महा-नेट के माध्यम से आइपी टेलीफोन का उपयोग व्यापक रूप से किया गया है.

शाखाओं को उपलब्ध करने के लिए जीपीआरएस, 3जी, एमपीएलएस तथा वीपीएन इत्यादि जैसी नवीनतम नेटवर्क टेक्नॉलॉजी के रिसर्च तथा विकास हेतु बैंक सतत प्रयास कर रहा है.

वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) / राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी)

ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रेषण कार्य को सरल बनाने तथा अंतर-बैंक व्यवहारों के लिए बैंक ने देशभर में फैली सभी 1536 शाखाओं में आरटीजीएस व एनईएफटी प्रणाली का कार्यान्वयन किया. सभी सीबीएस शाखाओं में स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग सुविधा का कार्यान्वयन किया गया है ताकि आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से आवक प्रेषण हेतु ग्राहक के खाते में प्रणाली द्वारा सीधा जमा किया जाए. इस सुविधा का विस्तार बैंक द्वारा प्रायोजित महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक में करना प्रस्तावित है.

इन्टरनेट बैंकिंग /फोन बैंकिंग / एसएमएस बैंकिंग

बैंक ने नेट बैंकिंग स्यूट अर्थात प्रत्यक्ष करों (सीबीडीटी, सीबीईसी एवं वैट) के ई-भुगतान व ऑन लाईन तथा ऑफ लाइन अनुरोध प्रोसेसिंग के साथ इन्टरनेट बैंकिंग/फोन बैंकिंग/ एसएमएस/मोबाईल बैंकिंग लागू की है. 31.03.2011 को इंटरनेट बैंकिंग के 1,02,000 से अधिक, फोन बैंकिंग के 35,000 और एसएमएस/मोबाईल बैंकिंग के 49,000 उपयोगकर्ता थे.

सूचना प्रणाली सुरक्षा नीति

बैंक में 'सूचना प्रणाली सुरक्षा नीति' लागू है. इस नीति में 34 विभिन्न नीतिगत दस्तावेज़ हैं. कार्यविधि के साथ इनका अद्यतन बैंक की परिवर्तित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन लिया गया है. अनुपालन के लिए नीति दस्तावेज को बैंक के सभी कर्मचारियों में परिचालित किया गया है.

बैंक ने संस्था में सूचना प्रणाली सुरक्षा नीति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया पूर्ण की है. इसकी अनुपालन जांच की गई है.

चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू की गई चेक ट्रंकेशन प्रणाली का बैंक ने सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार चेन्नई में सीटीएस के कार्यान्वयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है. जैसे ही चेन्नई में इस प्रणाली का कार्यान्वयन हो जाएगा, बैंक इसमें भाग लेने हेतु तैयार है. बैंक ने सभी 14 सेवा शाखाओं को सीबीएस में अंतरित कर दिया है. पुणे तथा मुंबई स्थित सेवा शाखाओं को हाय एन्ड एमआयसीआर प्रोसेसर उपलब्ध किए गए हैं.

विडिओ कॉनफरेंसिंग

परस्पर संवाद, प्रशिक्षण देना, साक्षात्कार तथा बैंक के उच्च प्रबंधन द्वारा क्षेत्रों के कार्यनिष्पादन की पुनरीक्षा हेतु बैंक ने एमपीएलएस टेक्नॉलॉजी के माध्यम से विडिओ कॉनफरेंसिंग सुविधा का विस्तार किया है. इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की दृष्टि से सुधारित ऑडिओ एवं विडिओ क्वालिटी हाय डेफिनेशन फीचर्स के साथ इस सुविधा को अद्यतित करने तथा विडिओ कॉनफरेंसिंग का उपयोग ई-लर्निंग सहित अधिक से अधिक क्षेत्रों को करने का प्रस्ताव है.

कारोबार पुनर्विन्यास प्रक्रिया (बीपीआर)

कारोबार पुनर्विन्यास प्रक्रिया के भागस्वरूप बैंक ने सभी 14 सेवा शाखाओं में केंद्रीयकृत चेक प्रोसेसिंग प्रणाली, एनसीआर, नई दिल्ली में चेक ट्रंकेशन प्रणाली, खाता खोलते समय वेलकम किट के रूप में वीसा डेबिट कार्ड (इन्स्टा कार्ड) जारी करना, आरटीजीएस/ एनईएफटी के लिए स्ट्रेट-थ्रू-प्रोसेसिंग, एटीएम कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग आवेदनों का ऑनलाईन प्रोसेसिंग, कोर टू कोर डीडी / सीओ/ पीओबी समाधान प्रणाली, बाहरी चेक वसूली प्रक्रिया का ऑटोमेशन का कार्यान्वयन किया.

कारोबार पुनर्विन्यास प्रक्रिया की अन्य गतिविधि जैसे कि केंद्रीयकृत चेक बुक जारी करना, व्यक्तिगत चेक बुक मुद्रण, केंद्रीकृत ग्राहक विवरण मुद्रण व प्रेषण, ई-भुगतान गेटवे, लेखन सामग्री की केन्द्रीकृत मांग व मुद्रण सॉफ्टवेयर इत्यादि की संभावनाएं वर्ष 2011-12 में तलाशी जाएंगी.

Applications like CBS, ATM Network, RTGS, DEMAT, INTRANET, Credit Risk Rating, Online Tax Collection System (OLTAS), ROSE, etc. are put to use through MAHANET.

IP Telephones are extensively used through MAHANET at all the Regional offices, CBS branches and Head office.

Bank is continuously making efforts in doing Research & Development on latest network technologies such GPRS, 3G , MPLS and VPN etc, for providing high availability to the branches.

Real Time Gross Settlement (RTGS) / National Electronic Funds Transfer (NEFT):

To give an impetus to the Remittances functionality for convenience of the customer as well as inter-bank transactions, Bank has implemented RTGS and NEFT at all 1536 branches across the country. Straight Through Processing (STP) facility is implemented at all CBS branches whereby credit for inward remittances through RTGS / NEFT is given to the customer accounts directly by the system. It is proposed to extend the same facility to Bank's sponsored MGB.

Internet Banking / Phone Banking / SMS Banking:

Bank has implemented the Net Banking suite – Internet Banking / Phone Banking and SMS / Mobile Banking with online and offline request processing and e-payment of Taxes (CBDT, CBEC & VAT). As on 31.03.2011, there are more than 1,02,000 customers using Internet Banking, 35,000 customers using Phone Banking and 49,000 customers using the SMS / Mobile Banking facilities.

Information System Security Policy:

Bank has put in place its "Information System Security Policy" (ISSP) comprising 34 different policy documents. The ISSP along with the Procedures are modified keeping in view the changed requirements of the Bank and approved by the Board. The Policy document has been circulated to all the staff members of the Bank for compliance.

Bank has completed the process of implementation of the ISSP across the organization. Compliance verification of the same has been initiated.

Cheque Truncation System (CTS):

Bank successfully implemented Cheque Truncation System (CTS) introduced by RBI in the National Capital Region, New Delhi. The process for implementing CTS at Chennai has been initiated, as per RBI guidelines. Bank is in readiness to participate in the CTS in Chennai as and when it is implemented. Bank has migrated all 14 Service Branches to CBS. Service branches at Pune and Mumbai have been provided with high-end MICR processors.

Video Conferencing:

Bank expanded the Video Conferencing facility through MPLS technology to all the Regional Offices for facilitating interactions, imparting trainings, conducting interviews and review of performance of Regions by the Top Management of the Bank. In view of the extensive use of the Video Conferencing facility, it is proposed to upgrade the facility so as to enable improved audio and video quality features (high definition) and facilitate extension of the usage of video conferencing to more areas including e-learning.

Business Process Re-engineering (BPR):

As a part of BPR, Bank had implemented Centralized Cheque Processing system at all its 14 service branches, Cheque Truncation System at NCR, New Delhi, Issuance of VISA Debit Card (Insta Card) as Welcome Kit at the time of opening of Account, straight- through-processing for RTGS / NEFT, Online Processing of ATM Card & Internet Banking Applications, Core to Core DD / CO / POB Reconciliation Systems and automation of outstation cheque collection process.

It is envisaged to undertake BPR initiatives involving activities such as Centralised Chequebook Issue, Personalised Cheque Printing, Centralised Customer Statement Printing & Dispatch, e-Payment Gateway, Centralised stationery indenting and printing software etc. during 2011-12.

सीबीएस प्रणाली से एनपीए को जोड़ना तथा उसका अभिनिर्धारण, बैंक द्वारा की गई प्रमुख बीपीआर पहल है और इसका वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्यान्वयन किया गया है. यह मानवीय हस्तक्षेप कम करने में सहायक होगा तथा ऋण संविभाग की निगरानी में सुधार लाएगा.

प्रबंध सूचना प्रणाली व डाटा वेअरहाऊसिंगः

प्रबंध सूचना पद्धति के अंतर्गत बैंक ने शाखा प्रोफाईल, क्षेत्र प्रोफाईल, सीओ प्रोफाईल एवं बैंक के तलपड़ तथा लाभ व हानि लेखे के लिए कार्यपालक डैश बोर्ड हेतु वैब आधारित एमआईएस पोर्टल विकसित एवं कार्यान्वित किया है. दैनिक व्यवसाय आंकड़े एसएमएस के द्वारा सभी शाखा प्रबंधकों, क्षेत्र स्थित कार्यपालकों तथा शीर्ष प्रबंधन को भेजे जाते हैं. बैंक ने अपनी समग्र एमआईएस आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शाखा बैंकिंग प्रबंधन सूचना प्रणाली (बीबीएमआईएस) नामक अलग एमआईएस सोल्युशन लागू करना आरंभ किया है.

यह प्रस्ताव किया गया है कि वर्ष 2011-12 के दौरान डाटा वेअरहाऊस और बिज़नेस इंटेलिजंस प्रोजेक्ट कार्यान्वित करने हेतु कदम उठाए जाएं.

सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षणः

अन्तिम उपयोगकर्ताओं की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्तमान प्रशिक्षण ढ़ांचे के अतिरिक्त देश भर मे फैले 14 आईटी लैब कार्यरत हैं. 7065 कर्मचारियों को सीबीएस का प्रशिक्षण दिया गया.

आंतरिक रूप से विकसित सॉफ्टवेयरः

बैंक में सॉफ्टवेयर तैयार करने वाले सुप्रशिक्षित कर्मचारियों का समूह है, जो वर्ष समाप्ति से संबंधित विभिन्न उपयोगी प्रणालियों और लेखा परीक्षा से संबंधित गतिविधियों सहित क्षेत्रीय कार्यालयों, विभिन्न कार्यमूलक विभागों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न प्रणालियों के विकास में संलग्न है.

सीपीएसएमएस का कार्यान्वयनः लेखा के महानियंत्रक ने बैंकों को निर्देश दिए हैं कि वे निगरानी प्रणाली के लिए योजना हेतु केन्द्रीयकृत योजना और उनके संबंधित सीबीएस के आपस में समन्वय के विकास और कार्यान्वयन हेतु कार्य करें, जो भारत सरकार के विभिन्न प्लान योजनाओं के लिए एक ऑनलाईन निर्णय समर्थन प्रणाली और प्रबंध सूचना प्रणाली होगी. यह सरकार से धन प्राप्त करने वाली विभिन्न एजेन्सियों के खातों को कवर करेगी. उसका मूल उद्देश्य था कि रिअल टाईम आधार पर प्लान योजनाओं के अंतर्गत निधियों के उपयोग व वितरण की निगरानी और ट्रॅकिंग के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए. भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत हमारी आंतरिक टीम ने भारत सरकार द्वारा सीबीएस पर खातों को देखने की सुविधा सुगम बनाने के लिए आवश्यक समन्वयन का कार्य किया.

बैंक ने ई-टीडीएस प्रणाली विकसित की, जो कर प्राधिकारियों को तिमाही आधार पर ई-टीडीएस विवरण के प्रस्तुतीकरण, समन्वयन और समेकन का कार्य शाखाओं के लिए सुगम बनाती है.

शाखाओं को बैंक के इंट्रानेट पर विभिन्न विश्लेषणात्मक विवरण और शाखाओं / क्षेत्रों के विभिन्न कारोबारी मानदंड से संबंधित आंकड़ें देखने और उनकी प्रिंटींग करने की सुविधा उपलब्ध की गई है.

शाखाओं के लिए फार्म नं. 16 (टीडीएस प्रमाणपत्र) प्रिंट करने की सुविधा भी उपलब्ध की गई है ताकि आवश्यकता के अनुसार ग्राहकों को टीडीएस प्रमाणपत्र जारी हो सके. यह ग्राहकों को विभिन्न जमाराशियों पर काटे गए कर के लिए प्रमाणपत्र जारी करने हेतु लागू है. यह सुविधा ग्राहक द्वारा आवश्यकता पड़ने पर फार्म नं. 16 प्रिंट कर जारी करने हेतु उपलब्ध की गई है.

क्षेत्रीय कार्यालय सॉफ्टवेयर, एचआरएम सॉफ्टवेयर (पे-रोल और अन्य मोडयूल), शाखा निरीक्षण सॉफ्टवेयर, ऑनलाईन कर संग्रहण प्रणाली, ऋण जोखिम रेटिंग प्रणाली, भविष्य निधि प्रणाली, इंट्रानेट, एटीएम कार्ड और आवेदन की स्थिति का पता लगाने की प्रणाली इत्यादि अन्य प्रमुख विकसित और कार्यान्वित प्रणालियां हैं.

3.4 बैंक द्वारा की गई ग्राहक केन्द्रित पहल

समूचे वर्ष के दौरान ग्राहक संतोष बनाए रखने के लिए बैंक ने ग्राहक सेवा के उच्च मानकों का पालन किया.

भारतीय बैंकिंग आचार संहिता और मानक बोर्ड का सदस्य के रूप में बैंक ने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबध्दताओं की आचार संहिता, एसएमई के प्रति बैंक की प्रतिबध्दताओं की आचार संहिता को स्वीकार किया.

निदेशक मंडल द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित 'जमाराशियों', 'चेकों/लिखतों की वसूली', शिकायतों का समाधान. 'क्षतिपूर्ति' और 'मृतक जमाकर्ताओं के दावों के निपटारे हेतु परिचालनगत कार्यविधि' के दस्तावेज तैयार किए हैं. इन नीतियों को बैंक की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया गया है.

Identification and collation of NPA from CBS system has been one of the major BPR initiatives undertaken by the Bank and implemented in accordance with the directives of Ministry of Finance, Government of India. This will help reduce manual intervention and facilitate improved monitoring of the credit portfolio.

MIS & Data warehousing:

Under MIS, Bank has developed and implemented a web-based MIS Portal for Branch Profile, Region Profile, CO Profile & Executive Dash Board of Bank's Trial Balance and Profit and Loss account. The daily business figures are sent through SMS to all branch managers, field executives and CO executives and top management. Bank has taken implementation of a separate solution for MIS called Branch Banking Management Information System (BBMIS) to cater to the overall MIS requirements of the Bank.

It is proposed to initiate steps for implementation of Data Warehouse and Business Intelligence project during the year 2011-12.

IT Training:

Bank has operationalized 14 IT Labs across the country in addition to the existing training infrastructure to cater to the training needs of the end-users. CBS training has been imparted to 7065 staff members.

In-House Software Development:

Bank has a well-trained pool of software developers who are continuously engaged in development of various systems as per the requirements of various functional departments, regional offices etc. including various utility systems related to year-end and audit related activities.

Implementation of CPSMS: All banks have been directed by Controller General of Accounts to develop and implement the integration between their respective CBS and Central Plan Scheme Monitoring System (CPSMS) functionality which would be an online management information system and decision support system for the various plan schemes of Government of India. This would cover the accounts of various agencies who shall be receiving funds from Government. The primary objective was to have a tracking and monitoring mechanism for the fund disbursement and fund utilization under Plan schemes on real time basis. The necessary integration with CBS to facilitate viewing of transactions in the account by Government of India has been developed by our internal team within the timeline specified by Government of India.

Bank has developed e-TDS system which enables the branches to collate, compile and submit quarterly e-TDS return to tax authorities.

Facilities are provided on the Bank's intranet for the benefit of branches for viewing and printing various analytical statements and statistics about the business parameters of the branch / regions.

Facility has also been provided to branches to generate and print the Form 16 (TDS Certificate) to be issued to customers as and when required. This is applicable for the TDS deducted on the interest paid to customers on their various deposits with the Bank. The facility will enable the branches to print and issue the Form 16 as and when required by the customers.

The other major systems developed and implemented are Regional Office Software (ROSW), HRM Software (Payroll and other modules), Branch Inspection Software (BRAINS), Online Tax Collection System (OLTAS), Credit Risk Rating System, PF System, INTRANET, ATM card and application status tracking, etc.

3.4 Customer Centric Initiatives taken by the Bank

The Bank has pursued high standards of customer service to ensure customer satisfaction through out the year.

As member of the Banking Codes and Standards Board of India (BCSBI) Bank has adopted the Code of Bank's Commitment to Customers and Bank's Code of Commitment to SMEs.

Duly documented policies approved by the Board on "Deposits", "Collection of Cheques / instruments", "Redressal of Grievances", "Compensation" and "Operational Procedure for settlement of claims of Deceased Depositors" are in place. These policies are displayed on Bank's website.

ग्राहक संतुष्टि को सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक शिकायतों का समाधान, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता की निगरानी करने के लिए निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति की आवधिक बैठकें होती हैं. केन्द्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में भी गठित ग्राहक सेवा की स्थायी समितियों की बैठकें विभिन्न ग्राहक सेवा संबंधी मामलों और ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सतत आधार पर होती हैं.

सभी शाखाओं में ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया है. जमाकर्ता, कंपनियों, व्यापारियों और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी संवर्ग के ग्राहकों को बैठकों में बुलाया जाता है ताकि बैंक की योजनाओं, सेवाओं और उत्पादों के संबंध में उनके विचार और सुझाव प्राप्त किए जा सकें.

ग्राहक शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र कार्यरत है. बैंक के केंद्रीय कार्यालय और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में शिकायत प्रबंधन कक्ष कार्यरत है. ग्राहक सेवा पर बोर्ड समिति और केंद्रीय कार्यालय की ग्राहक सेवा पर गठित स्थायी समिति नियमित आधार पर ग्राहक शिकायतों के निपटारे की प्रगति की निगरानी करती है.

बैंक ने ग्राहक सेवा से संबंधित गोइपोरिया समिति तथा डॉ. एस. एस. तारापोर समिति की सभी प्रमुख सिफारिशों का कार्यान्वयन कर दिया है.

बैंक ने ग्राहकों से सेवा पर शिकायत दर्ज करने, प्रतिसूचनाएं एवं सुझाव मांगने, प्राप्ति की सूचना देने एवं उनकी प्रतिसूचनाओं/शिकायत की स्थिति दर्शाने के लिए इंटरनेट आधारित तंत्र विकसित किया है.

दिनांक 08.02.2011 को बैंक ने अपना वर्धापन दिवस ग्राहक दिवस के रूप में मनाया. इस दिन अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा देश भर में फैले सभी ग्राहकों से विडिओ कॉन्फरेन्सिंग के माध्यम से परस्पर संवाद किया गया.

3.5 अपने ग्राहकों को जानिए / धन शोधन निवारण प्रणाली

अपने ग्राहकों को जानिए / धन शोधन निवारण प्रणाली / आतंकवादियों को वित्तपोषण रोकना और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत बैंक की प्रतिबद्धताएं

- बैंक के पास निदेशक मंडल से अनुमोदित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीतियां हैं. इन नीतियों के आधार पर बैंक केवायसी मानदंड, एएमएल मानक और सीएफटी उपाय लागू करता है.

पूर्ण केवायसी अनुपालन में ग्राहकों और उसी प्रकार कर्मचारियों को भी शिक्षित करना शामिल है. इसके लिए बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाएं.

- ग्राहकों के लाभार्थ बैंक की वेबसाईट पर केवायसी दस्तावेजों की व्यापक सूची अपलोड की गई.
- बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में केवायसी-एएमएल-सीएफटी पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.

3.6 सूचना सुविधा केंद्र :

मुंबई में जून 2005 से महाबैंक सूचना सुविधा केंद्र कार्यरत है. दो टोल फ्री क्रमांक 1800-220888 और 1800-222340 पर इस केंद्र से संपर्क किया जा सकता है. 12 प्रमुख शहरों में टोल फ्री टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध की गई हैं.

वर्ष के दौरान 27,840 लोगों ने टोल फ्री क्रमांकों पर टेलीफोन किया और बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं और उत्पादों के बारे में पूछताछ की/ बैंक की सेवा के संबंध में प्रतिसूचना दी.

ग्राहक और आम जनता द्वारा मांगी गई सूचना / सहायता तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं व उत्पादों की जानकारी देने के लिए जुलाई 2001 से एक सूचना सुविधा केंद्र स्थापित किया गया.

वर्ष के दौरान इस केंद्र के माध्यम से 6,695 शिकायतें प्राप्त हुई और निपटाई गई.

3.7 जोखिम प्रबंधन

बैंक कारोबार जटिल से जटिल हो रहा है और विभिन्न प्रकार की जोखिम बैंकिंग कारोबार में विद्यमान है. बैंक की जोखिम प्रबंधन क्षमताओं पर उसकी सफलता निर्भर करती है, इस बात को ध्यान में रखते हुए बैंक ने प्रभावी जोखिम प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतियां अपनाई हैं.

ऋण जोखिम

बैंक की समग्र जोखिम प्रबंधन नीति का ऋण जोखिम प्रबंधन एक अंतरंग अंग है. बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन के लिए व्यापक उधार नीति, ऋण पुनरीक्षण नीति तथा जोखिम प्रबंधन नीति को लागू किया है. इन नीतियों में विभिन्न दिशानिर्देश, कार्यविधियों, मानकों और विवेकी / विगोपन मानदंडों का विवरण दिया गया है.

The Committee of the Board on Customer Service meets periodically to monitor the quality of customer service and redressal of customer grievances to ensure customer satisfaction. The Standing Committee on Customer Service at Central Office and Regional Level Customer Service Committees at all the regional offices also meet regularly to address and review various customer related matters to take steps for improvement on an ongoing basis.

Customer Service Committees at all the branches are formed and a cross section of customers representing depositors, corporates, businessmen and senior citizens are invited to attend its meetings to have feedback and suggestions on schemes, products and services.

A full fledged grievances redressal machinery is in place to respond promptly to customer grievances. Complaint Management Cells are operative at Central Office and at all Regional Offices of the Bank. The Committee of the Board on Customer Service and Standing Committee on Customer Service at Central Office monitor the progress of redressal of customer grievances regularly.

The Bank has implemented all major recommendations of Goiporia Committee and Dr. S.S.Tarapore Committee relating to customer service.

The Bank has in place internet based mechanism for lodging the complaint or to give suggestions / feedback on services by the customers and for providing acknowledgement and status of their feedback / complaint.

The Bank's Anniversary Day on 8.2.2011 was celebrated as Customers' Day and Chairman & Managing Director interacted with the customers across the country through video conferencing.

3.5 KYC/AML

Know Your Customer (KYC) norms/Anti-Money Laundering (AML) standards/ Combating of Financing of Terrorism (CFT) and obligation of Bank under PMLA, 2002

- The Bank has Board approved KYC-AML-CFT Policy in place. The said Policy is the foundation on which the Bank's implementation of KYC norms, AML standards and CFT measures is based.

The full KYC compliance entails staff education as well as customer education for which the following measures are taken by the Bank.

- A comprehensive list of KYC documents is uploaded on the Bank's web site for the benefit of customers
- Regular training sessions are conducted on KYC-AML-CFT guidelines at the Bank's training establishments.

3.6 Information Facilitation Centre:

Mahabank Facilitation Centre is operating from Mumbai since June 2005 and can be accessed through two All India Toll Free Numbers i.e. 1800-222340 and 1800-220888. Toll Free Telephone Numbers have been made available at 12 major cities.

During the year, 27,840 calls were received on toll free numbers regarding various products and services offered by the Bank, queries and feedback on the Bank's services.

An Information Facilitation Centre had been set up in July 2001 in Head Office for providing information on various schemes and products of the Bank and any other information / assistance that may be required by customers and public.

During the year, 6,695 complaints were received and redressed through this center.

3.7 Risk Management

Banking business is becoming more complex and exposed to wide array of risks. Success of a bank will be derived based on its risk management capabilities. Keeping this in mind the Bank has adopted various strategies for effective risk management.

Credit Risk

The Credit Risk Management process forms an integral part of overall risk management of the Bank. The Bank has put in place comprehensive Lending Policy, Loan Review Policy and Risk Management Policy for credit risk management. The policies prescribe various guidelines, procedures, standards and prudential / exposure norms.

बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है, जो आवधिक अंतरालों पर नीतियों, ऋण प्रशासन और निगरानी से संबंधित कार्यविधियों और प्रणालियों की समीक्षा करती है.

एकल उधारकर्ता/समूह उधारकर्ताओं को दिए गए कुल विगोपन/संवेदी क्षेत्रों को दिए गए कुल विगोपन, उद्योगों को दिए गए कुल विगोपन, महत्त्वपूर्ण विगोपन, भौगोलिक विगोपन तथा कम प्राथमिकता क्षेत्र और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों का अभिनिर्धारण इत्यादी के लिए ऋण विगोपन सीमाओं की समीक्षा, निगरानी और निर्धारण के माध्यम से ऋण जमाव जोखिम का विनियमन किया जाता है.

उधारी प्रस्ताव में जोखिम संभावनाओं का मूल्यांकन करने के लिए बैंक ने बेसल II आवश्यकताओं के अंतर्गत आंतरिक रूप से विकसित ऋण जोखिम रेटिंग फ्रेमवर्क, वर्तमान और उसी प्रकार प्रवेश स्तरीय उधारकर्ताओं की रेटिंग विभिन्न आस्ति संवर्गों में करने हेतु लागू किया है. लाभ योजना को हासिल करने और जोखिम वहन क्षमता के अंतर्गत ऋण संविभाग तैयार करने की दृष्टि से बैंक ने प्रवेश स्तरीय विगोपनों के लिए न्यूनतम रेटिंग निर्धारित किए हैं. ऋण जोखिम प्रबंधन कार्य को ऋण मंजूरी के कार्य से अलग करने के लिए विभिन्न स्तरों पर ऋण अनुमोदन ग्रिड स्थापित किया हैं. जो समिति दृष्टिकोण के माध्यम से जोखिम संभावनाओं का पता लगाते हैं.

बैंक ने एक निर्धारित अवधि के दौरान उधारकर्ताओं की ऋण जोखिम योग्यताक्रम का माइग्रेशन विश्लेषण किया और बेसल II आवश्यकताओं के क्रम में चूक की संभावनाओं का अनुमान लगाया. रिस्क रिटर्न ट्रेड ऑफ हासिल करने के लिए जोखिम आधारित मूल्यांकन फ्रेमवर्क लागू किया गया. ऋण संवर्ग में शामिल जोखिमों का मूल्यांकन करने और ऋण गुणवत्ता सुधारने के लिए रणनीतियां अपनाने हेतु संविभाग समीक्षा और उद्योगों का अध्ययन किया गया. आवधिक रूप से स्ट्रेस टेस्ट परिणामों का मूल्यांकन किया गया.

बाजार जोखिम

ब्याज दरों, विदेशी मुद्रा दरों, ईक्विटी और वस्तुओं के मूल्य में परिवर्तन और गतिशीलता के कारण बैंक को बाजार जोखिम होती है. ये परिवर्तन बैंक की कमाई और पूंजी पर असर डालते हैं और बैंक की तरलता और लाभप्रदता को भी प्रभावित करते हैं.

वार्षिक रूप से पुनरीक्षित और बोर्ड द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंधन नीति में बाजार जोखिम और तरलता जोखिम प्रबंधन के मानदंड निर्धारित हैं. बैंक ने आस्ति देयता प्रबंधन समिति का गठन किया है, जिसकी बैठक तरलता की स्थिति और ब्याज दर परिदृश्य इत्यादि का पुनरीक्षण करने के लिए नियमित अंतरालों पर होती है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति जमा / अग्रिमों की ब्याज दरों की समीक्षा के द्वारा बाजार जोखिम और तरलता जोखिम का प्रबंधन और पर्यवेक्षण करती है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति विभिन्न जोखिम सीमाओं के पालन की निगरानी करती है और वर्तमान ब्याज दर परिदृश्य और बाजार में तरलता की स्थिति के आधार पर लाभ को अधिकतम करने और समग्र तुलनपत्र के प्रबंधन का कार्य भी करती है.

आस्ति देयता प्रबंधन नीति के माध्यम से ब्याज दर जोखिम को प्रबंधित किया जाता है. विभिन्न उपाय जैसे कि जोखिम पर आय, जोखिम पर अवधि और मूल्य मॉडलों का उपयोग ब्याज दर जोखिम की निगरानी के लिए किया जाता है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति जोखिम की निगरानी नियमित अंतरालों पर करती है और ब्याज दर जोखिम को न्यूनतम करने के लिए कदम उठाए जाते हैं.

निवेश प्रबंधन की व्यापक नीति व निवेश जोखिम प्रबंधन नीति के अनुसार बैंक निवेश जोखिम का प्रबंधन करता है.

विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन के लिए बैंक ने खुली विदेशी मुद्रा स्थिति के लिए विवेकपूर्ण ऋण सीमा, समग्र अंतर स्थिति ,डेलाईट लिमिट, ओवरनाईट लिमिट, नेट ओपन ओवरनाईट स्थिति, स्टॉप लॉस लिमिट और विदेशों में निवेश/ उधार/स्वैप परिचालित करने के लिए लिमिट, अंतरबैंक विगोपन सीमा इत्यादि लागू की है. इन लिमिटों की निगरानी नियमित आधार पर होती है.

तरलता जोखिम का प्रबंधन ढांचागत तरलता और अल्पावधि डायनॅमिक तरलता और उसी प्रकार दैनिक तरलता स्थिति की समीक्षा द्वारा किया जाता है. आवधिक आधार पर स्ट्रेस टेस्टिंग की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

बैंक की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति में बैंक में परिचालनगत जोखिम को नापने, उसकी निगरानी करने और उसे नियंत्रित करने हेतु विस्तृत रूपरेखा दी गई है. बैंक जोखिमग्रस्त क्षेत्रों को पहचानने और प्रणाली तथा कार्यविधि में उचित सुधार, प्रशिक्षण के माध्यम से समुचित उपचारात्मक कदम उठा रहा है ताकि परिचालनगत जोखिम को नियंत्रित किया जा सके. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति की नियमित बैठकें परिचालनगत जोखिम से संबंधित मामलों की समीक्षा करने हेतु ली जाती है. बैंक ने कारोबार सततता योजना को लागू किया है. आउटसोर्सिंग नीति भी तैयार की गई है जो बाजार में उपलब्ध विशेषज्ञता के उपयोग को सुगम बनाती है और आउटसोर्सिंग से संबंधित जोखिम को न्यूनतम करती है.

The Bank has constituted Credit Risk Management Committee (CRMC) which reviews the policies, procedures and systems relating to credit administration and monitoring, at periodic intervals.

Credit concentration risk is regulated through prescribing, monitoring and reviewing of credit exposure limits in terms of single borrower / group borrower exposure, exposure to sensitive sectors, industry exposure, substantial exposure, geographical exposure, identifying the thrust and low priority areas.

To evaluate the risk perception in a lending proposition, the Bank has put in place an in-house developed Credit Risk Rating Framework (CRRF) for rating of existing as well as entry level borrowers in various asset classes, as desired under Basel II. The Bank has prescribed threshold ratings for entry level exposures with a view to building up credit portfolio within the risk appetite and achieve the profit plan. With a view to separating the Credit Risk Management function from credit sanctioning, Credit Approval Grids are set up at various levels which assess the risk perception through a committee approach.

The Bank has undertaken migration analysis of credit risk rating of borrowers over a time horizon and probability of default has been estimated in line with Basel II requirements. To achieve risk-return trade off, risk based pricing framework has been implemented. Portfolio reviews and industry studies are undertaken to assess the risks lying in the credit portfolio and adopt strategies to improve credit quality. Stress testing is also undertaken periodically.

Market Risk

Market Risk is the risk to the Bank resulting from the movements in market prices due to changes in interest rates, foreign exchange rates, equity price and commodity price. The changes impact the Bank's earnings and capital and can have ramifications on the Bank's liquidity and profitability.

The ALM Policy, which is reviewed annually and approved by the Board, prescribes the parameters for management of Market Risk and Liquidity Risk. The Bank has constituted Asset Liability Management Committee (ALCO), which meets at regular intervals to review the interest rate scenarios, liquidity positions etc. The ALCO manages and supervises Market Risk and Liquidity Risk through review of rates of interest on deposits / advances. ALCO also monitors adherence to various risk limits and determines the business strategy in light of prevailing interest rate scenario and liquidity position in the market with a view to optimizing profit and overall balance sheet management.

Interest Rate Risk is managed through the prescriptions of ALM Policy. Various tools viz. Earnings at Risk, Duration and Value at Risk models are used for monitoring interest rate risk. The ALCO reviews the risk on regular basis and measures are initiated to minimize the interest rate risk.

Investment Risk is managed through the prescriptions made in the Investment Management Policy & Investment Risk Management Policy.

For management of Foreign Exchange Risk, prudential limits for open foreign exchange position, aggregate gap position, Daylight limit, Overnight limit, Net open overnight position, Stop loss limit, Limit for undertaking swaps / investment / borrowing overseas, inter bank exposure limits etc. have been put in place. These limits are monitored regularly.

Management of Liquidity Risk is achieved through ongoing review of structural liquidity and short term dynamic liquidity as well as daily liquidity position. Stress testing is undertaken periodically.

Operational Risk

The Operational Risk Management Policy of the Bank outlines the framework for measuring, monitoring and controlling operational risk in the Bank. The Bank lays due emphasis on identifying risk prone areas and taking suitable remedial actions by streamlining systems & procedures, imparting training so as to control operational risks. The Operational Risk Management Committee (ORMC) meets regularly to review the matters related to operational risk. The Bank has put in place policy on Business Continuity Planning. A policy on outsourcing is also formulated which facilitates use of expertise available in the market with adequate safeguards against risk associated with outsourcing.

बेसल II अनुपालन

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नए पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बेसल II) की शर्तों के अनुसार बैंक बेसल II अनुपालनयुक्त है. पूंजी पर्याप्तता की गणना के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण ऋण जोखिम के लिए, मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण बाजार जोखिम के लिए और मूल संकेतक दृष्टिकोण परिचालनगत जोखिम के लिए अपनाया है. बेसल II के अंतर्गत निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार निगमित विगोपन संबंधित जोखिम को नापने के लिए अनुमोदित ऋण रेटिंग एजेंसियों की ऋण रेटिंग का उपयोग किया जाता है. बैंक ने ऋण जोखिम प्रशमन तकनीक और सहायक प्रतिभूति प्रबंधन नीति को भी लागू किया है.

बैंक ने बोर्ड से अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया को तैयार किया है जिसके अंतर्गत बेसल II मानदंडों के पिलर 2 की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पिलर 1 जोखिम (अर्थात ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम और परिचालनगत जोखिम) को छोड़कर जोखिम को नापने और पहचानने का कार्य शामिल है. भारतीय रिज़र्व बैंक के बेसल II की पिलर 3 आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रकटन मानदंडों का पालन किया गया है.

बैंक ने बेसल II के अंतर्गत उन्नत दृष्टिकोण के कार्यान्वयन हेतु एक योजना तैयार कर ली है.

प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों के मध्य बेसल II मानदंडों की बेहतर जागरूकता सुनिश्चित की गई है. बाहरी प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के माध्यम से केन्द्रीय कार्यालय में कार्यरत जोखिम प्रबंधन दल की कुशलताओं और ज्ञान का निरंतर कोटिउन्नयन किया जाता है.

3.8 आंतरिक नियंत्रक प्रणालियां

निरीक्षण और संगामी लेखा परीक्षाः

परिचालनगत जोखिम को अभिनिर्धारित करने, मूल्यांकन कर उसे कम करने के लिए बैंक ने निरीक्षण व लेखा परीक्षा के द्वारा विभिन्न आंतरिक नियंत्रक उपाय अपनाए हैं.

शाखाओं का निरीक्षण

बैंक ने जिलानी समिति की सिफारिशों का पालन करना जारी रखा और वर्ष के दौरान 1011 शाखाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षित शाखाएं बैंक की कुल शाखाओं का 65.82 प्रतिशत हिस्सा थी. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के अंतर्गत इन सभी 1011 शाखाओं में जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा भी की गई.

सभी निरीक्षण अधिकारियों और निरीक्षण कक्ष प्रमुखों को नीतियों, कार्यविधियों, व्यवसाय परिवेश, बैंकों के लिए चुनौतियां और अवसर, जोखिम के नए क्षेत्रों की पहचान करने और वरिष्ठतम प्रबंधन को शाखाओं और कार्यालयों के मौजूदा और आसन्न जोखिमों के बारे में आगाह करने में उनकी भूमिका के बारे में अद्यतन जानकारी देने के लिए सितंबर/अक्तूबर 2010 के दौरान एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था.

तत्काल निरीक्षणः

घोष समिति की सिफारिशों के अनुसरण में शाखाओं के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान देने के लिए 110 शाखाओं में तत्काल निरीक्षण किया गया.

संगामी लेखा परीक्षा :

वर्ष के दौरान बैंक की 312 शाखाओं और केन्द्रीय कार्यालय के 4 विभागों में संगामी लेखा परीक्षा की गई. इन शाखाओं में बैंक की समग्र जमाराशियों का 66 प्रतिशत और बकाया अग्रिमों का 77.50 प्रतिशत हिस्सा है.

आय व व्यय लेखा परीक्षाः

आय रिसाव का अभिनिर्धारण करने व उसकी वसूली करने के लिए अक्तूबर 2009 से सितंबर 2010 की अवधि के लिए 720 शाखाओं की आय व व्यय लेखा परीक्षा की गई. वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रीय कार्यालयों की अर्ध वार्षिक व्यय लेखा परीक्षा की गई.

प्रबंधन लेखा परीक्षा :

16 क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय के 13 विभागों की पर्यवेक्षण और नियंत्रण के क्रम में उनकी प्रभावशीलता का निर्धारण करने के लिए प्रबंधन लेखा परीक्षा की गई.

बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 35 के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक का निरीक्षण :

वर्ष 2010-11 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 35 के अधीन बैंक की 5 शाखाओं व 3 क्षेत्रीय कार्यालयों का निरीक्षण किया. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 01.06.2010 से 21.07.2010 के बीच वार्षिक वित्तीय निरीक्षण किया.

Basel II Compliance

The Bank is Basel II compliant in terms of the New Capital Adequacy Framework (Basel II) guidelines issued by RBI. Bank has adopted Standardized Approach for Credit Risk, Standardized Duration Approach for Market Risk and Basic Indicator Approach for Operational Risk as per RBI guidelines for capital adequacy computation. External credit ratings from approved rating agencies are used for risk weighting of corporate exposures as required under Basel II. Bank has also put in place a policy on Utilization of Credit Risk Mitigation Techniques & Collateral Management.

The Bank has evolved Board approved Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) which covers identification and measurement of risks other than Pillar 1 risks (i.e. Credit Risk, Market Risk & Operational Risk), to meet the requirements of Pillar 2 of Basel II norms. The Bank has adhered to disclosure norms as stipulated in the guidelines of RBI to meet Pillar 3 requirements of Basel II.

Bank has drawn a roadmap for implementation of advanced approaches under Basel II.

Improvement in awareness of Basel II norms amongst the employees is ensured through training. Knowledge and skill levels of risk management team at Central Office are constantly upgraded through exposure to external trainings, workshops and seminars.

3.8 Internal Control Systems

Inspection & Concurrent Audit:

The Inspection and Audit system and various measures of internal control are adopted by the Bank to ensure identification/assessment and mitigation of operational risks.

Inspection of Branches:

The Bank continued to adhere to the Jilani Committee recommendations and inspected 1011 branches during the year covering 65.82 per cent of total branches of the Bank. As per RBI guidelines under Risk Based Supervision, the Bank has undertaken Risk Based Internal Audit (RBIA) al all these 1011 branches.

Conference of all inspecting officials and heads of inspection cells was organized during September/October 2010 to update them on policies, procedures, business environment, opportunities and challenges for banks, emerging areas of risks and their role in alerting the top Management of existing and impending risks at branches and offices.

Surprise Inspection:

In pursuance of the Ghosh committee recommendations, surprise inspection was carried out at 110 branches focusing mainly on high risk areas at the branches.

Concurrent Audit:

312 Branches and 4 central office Departments were subjected to Concurrent Audit during the year. These branches covered 66 per cent of aggregate deposits and 77.50 per cent of total advances of the Bank.

Income & Expenditure Audit:

Income & Expenditure Audit for the period from October 2009 to September 2010 was carried out at 720 branches to identify and recover income leakages, if any. Half yearly Expenses Audit of all the Regional Offices was carried out during the year.

Management Audit:

Management Audit of 16 Regional Offices and 13 departments at Central Office was carried out for assessing their effectiveness in terms of supervision and controls.

RBI Inspection under Section 35 of the Banking Regulation Act:

During the year 2010-11, RBI inspected 5 branches and 3 Regional Offices under Section 35 of RBI Act. RBI conducted AFI of the bank during the period 01.06.2010 to 21.07.2010.

3.9 सतर्कता

बैंक में सतर्कता गतिविधियां प्रबंधन का अंतरंग अंग है. इसका उद्देश्य प्रबंधकीय कुशलता और प्रभावशीलता के स्तर में वृद्धि करना और कुशल प्रशासन के लिए उचित वातावरण का निर्माण करना है जहां अधिकारी अपने कार्य बिना किसी डर और भेदभाव से कर सके.

बैंक में सतर्कता का कार्य लचिलेपन और जवाबदेही के मध्य उचित संतुलन कायम रखता है.

सतर्कता का अति महत्वपूर्ण अंग निवारक सतर्कता है. प्रत्येक स्तर पर कार्यकुशलता में सुधार के लिए बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं.

मुख्य सतर्कता आयुक्त के निर्देशों के अनुसार 20 और अधिक कर्मचारियों वाली शाखाओं में संवेदी और जालसाजीग्रस्त क्षेत्रों का पुनरीक्षण / निगरानी करने व विसंगतियों (यदि कोई हो), को रिपोर्ट करने के लिए सतर्कता समितियों का गठन किया गया है.

जालसाजियों को टालने, उनका पता लगाने, उनका वर्गीकरण करने और उनकी रिपोर्टिंग करने व की जाने वाली कार्यवाही सुझाने के लिए 'जालसाजी जोखिम प्रबंधन नीति' बैंक ने तैयार कर मार्गदर्शन एवं उपयोग हेतु सभी कर्मचारियों व क्षेत्र कार्यकर्ताओं में परिचालित की है.

3.10 अनुपालन

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बोर्ड अनुमोदित अनुपालन नीति को लागू किया गया है और उप महाप्रबंधक के पद वाले मुख्य अनुपालन अधिकारी की प्रमुखता में अनुपालन विभाग का गठन किया गया है. अनुपालन विभाग भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार/भारतीय बैंक संघ और अन्य एजेंसियों से प्राप्त निदेशों/संप्रेषणों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करता है. अनुपालन की स्थिति की समीक्षा उच्च प्रबंधन/बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा साप्ताहिक/मासिक/तिमाही आधार पर की जाती है. बैंक में अनुपालन संस्कृति में सुधार करने हेतु अधिकारी/कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुपालन पर एक सत्र शामिल किया गया है.

3.11 विपणन और प्रचार

बैंक ने 31.03.2010 को ₹ 1 लाख करोड़ के कारोबारी स्तर को पार किया. इस उपलब्धि का प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया.

प्लेटिनम जुबिली वर्ष का समापन समारोह विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया. इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी, महाराष्ट्र राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अशोक चव्हाण, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री नमो नारायण मीणा तथा केन्द्रीय संचार और आईटी राज्य मंत्री श्री सचिन पायलट उपस्थित थे.

बैंक की सेवा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष संस्मरणीय कवर को श्री सचिन पायलट के हाथों राष्ट्र को समर्पित किया गया.

देश के सभी हिस्सों से आए मूल्यवान ग्राहक और नई दिल्ली के उच्च सरकारी अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे.

महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक (बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) में 100 प्रतिशत सीबीएस का कार्यान्वयन, शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा केन्द्रीय कार्यालय में ग्राहक दिवस का आयोजन, नए उत्पादों / सेवाओं का शुभारंभ तथा चालू खाता बचत खाता अभियानों इत्यादि के समाचार को प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में व्यापक रूप से प्रचारित किया गया.

3.12 नागरिक अधिकार पत्र

वर्ष 2000-01 से बैंक ने नागरिक अधिकार पत्र स्वीकार किया है. इस अधिकार पत्र में ग्राहकों के प्रति बैंक के दायित्वों व कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है. अधिकार पत्र को बैंक की सभी शाखाओं और बैंक की वेब साईट पर प्रदर्शित किया गया है. इसका समय समय पर अद्यतन किया जाता है. नोटों और सिक्कों को बदलने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक का नागरिक अधिकार पत्र भी बैंक ने स्वीकार किया है.

4. सामाजिक बैंकिंग

4.1 प्राथमिकता क्षेत्र को उधार

बैंक का यह सतत प्रयास रहा है कि लघु और सीमान्त कृषकों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों, फुटकर व्यापारियों, पेशेवरों व स्वनियोजित व्यक्तियों, महिला उद्यमियों तथा आर्थिक रूप से कमजोर किन्तु उद्यमशील व्यक्तियों को उत्पादक प्रयोजनों हेतु समय पर अबाधित रूप से ऋण उपलब्ध कराते हुए समान और सुस्थिर आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जाए.

प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत मार्च 2011 को कुल बकाया अग्रिम ₹ 16,480.04 करोड़ के थे, जो निर्धारित 40 प्रतिशत के न्यूनतम की तुलना में पिछले वर्ष के समायोजित निवल बैंक ऋण के 40.66 प्रतिशत थे.

प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों में मार्च 2010 के स्तर पर ₹ 2,247.78 करोड़ की वास्तविक वृध्दि दर्ज की गई.

3.9 Vigilance

Vigilance activity in the Bank is an integral part of the managerial function. Its objective is to enhance the level of managerial efficiency, effectiveness and to ensure a proper climate for an efficient administration, where officials can perform the duties without any fear or favour.

'Vigilance' in bank is maintaining a proper balance between flexibility and accountability.

Preventive Vigilance is the most important aspect of vigilance. With a view to improve functioning at all levels, the Bank has taken the necessary steps as under:

In accordance with CVC directives, Vigilance Committees have been formed at the Branches having staff of 20 and more, to review/ monitor sensitive and fraud prone areas and report abnormalities observed therein, if any.

'Fraud Risk Management Policy' on prevention, detection, classification and reporting of frauds including action to be taken, has been adopted by the Bank and circulated for the guidance and use of the branches and field functionaries.

3.10 Compliance

As per the Reserve Bank of India guidelines, Board approved Compliance Policy is in place and the compliance department is headed by Chief Compliance Officer who is in the rank of Deputy General Manager. The Compliance Department ensures timely compliance to the directions / communications received from Reserve Bank of India / Government of India / IBA and other agencies. The compliance status is reviewed by the Top Management / Audit Committee of the Board on weekly / monthly/ quarterly basis. To improve the compliance culture in the Bank session on compliance has been included in training programme for staff members.

3.11 Marketing And Publicity

The landmark of crossing ₹ 1.00 lakh crore business was achieved on 31.03.2010. This occasion was given wide publicity by giving advertisements in print media and electronic media.

The concluding ceremony of the Platinum Jubilee year was held at Vigyan Bhawan, Delhi. Hon'ble Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee, Chief Minister of Maharashtra, Shri Ashok Chavan, Union Minister of State for Finance Shri Namo Narain Meena and Union Minister of State for Communications and IT, Shri Sachin Pilot, graced the occasion.

A special commemorative Cover was released at the hands of Shri Sachin Pilot on Bank's completing 75 years of service to the nation.

Valued clients from all parts of the country along with top Government officials from Delhi attended the programme.

Wide publicity was given in print and electronic media on 100 per cent CBS achievement of Maharashtra Gramin Bank (Bank sponsored RRB), observing Customer's day at branches, Regional Offices and Central office, launch of new products/ services and CASA campaigns.

3.12 Citizen's Charter

The Bank has adopted the Charter since 2000-01, which details the duties and responsibilities of the Bank towards its customers. The Charter is displayed at all the branches and at the website and has been updated from time to time. The Bank has also adopted a Citizen Charter of RBI on exchange of notes and coins.

4. SOCIAL BANKING

4.1 Priority Sector Lending

It has been the constant endeavor of the Bank to facilitate equitable and sustainable economic development by timely and hassle-free availability of credit for productive purposes to Small and Marginal Farmers, Micro & Small Enterprises, Retail Traders, Professional & Self Employed, Women Entrepreneurs and entrepreneurs from economically weaker sections.

The outstanding advances under Priority Sector as of March 2011 aggregated to ₹ 16,480.04 crore, constituting 40.66 per cent of the Adjusted Net Bank Credit of previous year against the stipulated minimum target of 40 per cent.

The rise in Priority Sector Advances was ₹ 2,247.78 crore over March 2010 in absolute terms.

4.2 कृषि

वर्ष 2010-2011 के दौरान कृषि और सहायक गतिविधियों के लिए बैंक ने ₹ 2874.28 करोड़ के ऋण वितरित किए. 31.03.2011 को कृषि क्षेत्र को बकाया अग्रिम ₹ 4691.17 करोड़ थे, जो समायोजित निवल बैंक ऋण का 11.58 प्रतिशत हिस्सा थे.

कृषि अग्रिमों में वृध्दि करने के लिए बैंक ने सभी शाखाओं के लिए जागरूकता/ सुग्राही कार्यक्रम आयोजित किए.

4.2.1 बैंक ने भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार की कृषि ऋण राहत व ऋण माफी योजना का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया.

भारत सरकार की योजना के अंतर्गत बैंक ने कुल 86584 पात्र लघु व सीमान्त किसानों को ₹ 219.28 करोड़ की ऋण माफी और 39320 किसानों को ₹ 82.01 करोड़ की ऋण राहत प्रदान की.

महाराष्ट्र सरकार की ऋण माफी और ऋण राहत योजना के अंतर्गत बैंक ने 36317 किसानों को ₹ 36.99 करोड़ की ऋण माफी और 49353 किसानों को ₹ 98.12 करोड़ की ऋण राहत प्रदान की.

4.2.2 **महाबैंक किसान क्रेडिट कार्ड (एमकेसीसी)**

इस योजना को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रियता हासिल हुई है, जहां इसका प्रचार-प्रसार उत्साह और सफलतापूर्वक किया जा रहा है. बैंक ने दिनांक 31.03.2011 तक किसानों को 281879 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए, जिसमें ₹ 1493.42 करोड़ का ऋण प्रवाह शामिल है.

4.3 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)

सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का अग्रदूत माना जाता है. ये उद्योग कम निवेश वाले उद्यमों को प्रोत्साहित करने और शहरों की ओर प्रवास को रोकने के लिए स्थानीय कौशल और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करते हैं. पात्र उद्यमों को आकर्षक व कम ब्याज दर पर वित्त उपलब्ध कराया गया. वर्ष के दौरान बैंक के वेबसाइट पर ऑन लाइन पूछताछ पोर्टल उपलब्ध कराया गया है.

बैंक ने एमएसई ग्राहकों के लिए भारतीय बैंक संघ द्वारा बनाए गए सरलीकृत ऋण आवेदन को अपनाया है और उसे अपनी वेब साईट पर प्रदर्शित किया है. बैंक ने सूक्ष्म और छोटे उद्यमों के प्रति बैंकों की प्रतिबध्दता संहिता को भी अपनाया है और उसे बैंक वेब साईट पर प्रदर्शित किया है.

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंक की उधारी 31.03.2010 को ₹ 3,699.64 करोड़ की थी, जो 31 मार्च 2011 को बढ़कर ₹ 7,037.31 करोड़ की हो गई. इस प्रकार वर्ष दर वर्ष आधार पर 90.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

4.3.1 **महाउद्यमी**

इस योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सहायक प्रतिभूति और/या अन्य पार्टी की गारन्टी के बिना बैंक अधिकतम ₹ 100.00 लाख का ऋण उपलब्ध कराता है.

भारत सरकार की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिये ऋण गारंटी निधि योजना के अन्तर्गत इस योजना के खातों को संरक्षा प्राप्त है. बैंक, संपूर्ण गारंटी फीस और 50 प्रतिशत वार्षिक सेवा फीस का वहन करता है, जिसका भुगतान सीजीएफएमएसई के अंतर्गत न्यास को करना पड़ता है. मार्च 2011 तक बैंक ने योजना के अंतर्गत 5495 उधारकर्ताओं को ₹ 311.94 करोड़ के ऋण मंजूर किए. वर्ष के दौरान ऋण गारंटी निधि योजना के अन्तर्गत कवरेज 66.87 प्रतिशत से बढ़ा.

5. बैंक की महत्वपूर्ण योजनाएं/परियोजनाएं

5.1 **फुटकर ऋणों के अंतर्गत नई पहल**

क. फुटकर ऋणों की केन्द्रीकृत प्रोसेसिंग

बैंक ने गुणवत्तापूर्ण और झंझट मुक्त फुटकर ऋण वितरण के लिए सभी क्षेत्रों में 15 फुटकर आस्ति शाखाएं और 18 फुटकर प्रोसेसिंग कक्ष स्थापित किए.

ख. महाबैंक ज्वेल ऋण योजना

भारत में स्वर्ण आभूषण पीढ़ियों से बचत के साधन के रूप में विद्यमान है. एक तरल और मूल्यवान संपत्ति होने के कारण यह कारोबार, कृषि, शादी, चिकित्सा, शिक्षा इत्यादि जैसी तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऋण लेने हेतु जमानत के रूप में एक विश्वसनीय और स्वीकार्ययोग्य संपत्ति का कार्य करती है. हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक ने दिनांक 01.11.2010 से 'महाबैंक ज्वेल ऋण योजना' के नाम से नया फुटकर ऋण उत्पाद आरंभ किया. वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वर्ण आभूषणों पर ऋण नियमित ब्याज दर से 0.75 प्रतिशत कम दर पर उपलब्ध है.

4.2 Agriculture

The Bank disbursed ₹ 2874.28 crore for agriculture and allied activities during the year 2010-11. The outstanding advances to agriculture sector as of 31.03.2011 were ₹ 4691.17 crore i.e.11.58 per cent of Adjusted Net Bank Credit.

The Bank undertook awareness/sensitization programmes for all the branches for increasing advances to agriculture.

4.2.1 The Bank successfully implemented Agriculture Debt Waiver and Debt Relief Scheme of the Government of India and the Maharashtra state Government.

Under Government of India Scheme bank has covered 86584 small and marginal farmers for debt waiver involving ₹ 219.28 crore and 39320 farmers for debt relief involving ₹ 82.01 crore.

Under Government of Maharashtra's Debt Waiver & Debt Relief Scheme bank has covered 36317 farmers for debt waiver involving ₹ 36.99 crore and 49353 farmers for debt relief involving ₹ 98.12 crore.

4.2.2 **Mahabank Kisan Credit Card (MKCC)**

This scheme gained popularity especially in rural areas where it is being propagated successfully and vigorously. The Bank has issued total 281879 Kisan Credit Cards to farmers. Credit flow to MKCC beneficiaries is ₹ 1493.42 crore as on 31.03.2011.

4.3 Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs)

SMEs are recognized as a major growth engine for the Indian economy. They generate opportunities for direct and indirect employment by facilitating use of natural resources and local skills to stem the tide of migration to urban areas and promote low investment enterprises. Finance is made available to viable enterprises at an attractive and low rate of interest. On line enquiry portal is made available on the Bank's website during the year.

The Bank has adopted Simplified Loan Application for MSEs and the same is displayed on the Bank's website. The Bank has also adopted Bank's Code of Commitment to Micro and Small Enterprise and it is displayed on the Bank's website.

The Bank's lending to Micro, Small and Medium Enterprises which was at the level of ₹ 3,699.64 crore as at 31.03.2010, increased to ₹ 7,037.31 crore as at 31.03.2011, which translates into a y-o-y growth of 90.22 per cent.

4.3.1 **Maha-Entrepreneur**

Under the scheme, the Bank is providing finance up to ₹ 100.00 lakh to Micro and Small Enterprises without Collateral Security and/ or Third Party Guarantee.

Accounts under the scheme are covered under Credit Guarantee Fund Scheme for Micro, Small and Medium Enterprises of Government of India. The Bank is bearing the entire guarantee fee and 50 per cent of annual service fee, which is to be paid to the Trust under CGFMSE. The Bank sanctioned loans of ₹ 311.94 crore to 5495 borrowers under this scheme up to March 2011. During the year, coverage under Credit Guarantee Fund Scheme has increased by 66.87 per cent.

5. IMPORTANT SCHEMES/PROJECTS OF THE BANK

5.1 **New initiatives under Retail Loans:**

a. Centralized processing of retail loans.

The Bank has opened 15 Retail Assets Branches and 18 Retail Processing Centers covering all the Regions for hassle free and quality disbursement of retail loans.

b. Mahabank Jewel Loan Scheme.

Gold ornaments are the traditional and inherited form of savings among the people in India. Being one of the most liquid and precious asset, it serves as a dependable and acceptable form of security to raise loans for meeting immediate financial needs for business, agricultural, consumption purposes such as marriage, medical, educational expenses etc., With a view to meet the requirement of our customers, Bank has launched a new Retail Loan product "Mahabank Jewel Loan Scheme" w.e.f. 01.11.2010. For senior citizens, loan against gold ornaments is available at 0.75 per cent less than the regular interest rate.

ग. महाबैंक टॉप-अप ऋण योजना

बैंक के नियमित आवास ऋणकर्ताओं को अतिरिक्त ऋण सुविधा देने के लिए बैंक ने दिनांक 01.11.2010 से 'महाबैंक टॉप-अप ऋण योजना' नामक नया रिटेल ऋण उत्पाद आरंभ किया.

5.2 **आम जनता को आवास ऋण**

अनिवासी भारतीय सहित सभी आर्थिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक की आवास ऋण योजना है. भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है.

वर्ष के दौरान बैंक के आवास ऋण में 17.99 प्रतिशत की वृध्दि हुई और 31.03.2011 को यह बढ़कर रू. 4,279.68 करोड़ के स्तर पर पहुंच गएं. 50,000 से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक भारत सरकार की स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास योजना का कार्यान्वयन कर रहा है.

5.2.1 ₹ 10.00 लाख तक के आवास ऋणों पर 1 प्रतिशत की ब्याज सरकारी सहायता.

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने ₹ 10.00 लाख तक के आवास ऋण के उधारकर्ताओं को 1 प्रतिशत की सरकारी ब्याज सहायता के रूप में ₹ 20.00 लाख तक की सहायता दी.

5.3 आदर्श शैक्षणिक ऋण योजना

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा हासिल करने का अवसर प्राप्त हो, बैंक आदर्श शैक्षणिक ऋण योजना का कार्यान्वयन कर रहा है. मार्च 2011 को बैंक के शैक्षणिक ऋण ₹ 481.40 करोड़ थे, जो 24354 छात्रों में वितरित थे. बैंक ने वेब एक्सेस के जरिये शैक्षणिक ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध की है.

5.3.1 आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग के उधारकर्ताओं को शैक्षणिक ऋणों में ब्याज अनुदानः

बैंक ने वर्ष 2009-10 के लिए माता-पिता की आय ₹ 4.50 लाख प्रति वर्ष होने पर भारत सरकार की ब्याज अनुदान योजना को लागू किया. इस योजना के अंतर्गत, आस्थगन अवधि के दौरान लगाए गए संपूर्ण ब्याज की प्रतिपूर्ति केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है.

5.4 सूक्ष्म वित्त

बैंक ने ग्रामीण और शहरी गरीबों को आर्थिक गतिविधियां आरंभ करने के लिए ऋण देने के कार्य को हमेशा महत्व दिया है. महिलाओं को सशक्त बनाने में स्व-सहायता समूह काफी प्रभावी सिद्ध हुए हैं. बैंक ने स्वसहायता समूहों के वित्तपोषण हेतु वर्ष के दौरान हडपसर, पुणे और गोरेगांव, मुंबई में स्वसहायता समूह विशेषज्ञ शाखाओं का आरंभ किया है. बैंक ने विभिन्न स्व सहायता समूहों की गैरपरंपरागत गतिविधियों का सक्रिय रूप से वित्तपोषण किया है.

31.03.2011 को बैंक द्वारा 84087 स्वसहायता समूहों का गठन किया गया था, जिनमें से 81471 स्वसहायता समूहों ने बैंक से ₹ 229.63 करोड़ की कुल वित्तीय सहायता प्राप्त की थी, जो गत वर्ष पर 54 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है.

5.5 अ.जा./अ.ज.जा. लाभार्थियों को सहायताः

बैंक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अ.जा./अ.ज.जा. लाभार्थियों को सक्रिय रूप से वित्तीय सहायता दे रहा है. 31.03.11 को बैंक के अ.जा./अ.ज.जा. लाभार्थियों को कुल ऋण ₹ 789.85 करोड़ के थे, जो 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं.

5.6 अल्पसंख्यक समुदाय को अग्रिम

अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण का सुगम प्रवाह सुनिश्चित करने और इसकी पुनरीक्षा करने के लिए बैंक के केंद्रीय कार्यालय में एक विशेष कक्ष का गठन किया गया है. मार्च 2011 को अल्पसंख्यक समुदाय के बकाया अग्रिम ₹ 874.53 करोड़ के थे, जो 57135 लाभार्थियों में वितरित थे.

5.7 महाबैंक डायमंड चालू खाता योजना

चालू खातों की वर्तमान योजना पर्ल व सफायर में सुधार कर डायमंड योजना के नाम से अतिरिक्त मुफ्त सुविधाओं के साथ एक नई योजना का शुभारंभ दिनांक 14 दिसंबर, 2010 से किया गया.

5.8 महानिधि योजनाः

बैंक की फुटकर सावधि जमा बढ़ाने के लिए दिनांक 26.02.11 को एक नई 'महा निधि' जमा योजना का शुभारंभ किया गया. योजना के अंतर्गत दिनांक 31.03.2011 तक ₹ 2,922.68 करोड़ की जमा का संग्रहण किया गया.

5.9 वरिष्ठ नागिरकों को अतिरिक्त ब्याज दर

दिनांक 10.01.2011 से केवल ₹ 1.00 करोड़ से कम रकम हेतु एक वर्ष और अधिक की परिपक्वता स्लैब में जमाराशियों पर ब्याज दर को 0.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया गया.

c. Mahabank Top-Up Loan Scheme.

In order to extend additional credit support to our regular housing loan borrowers, Bank has launched another new Retail Loan product "Mahabank Top-Up loan scheme" w.e.f.01.11.2010.

5.2 **Housing loan to public**

The Bank has in place Housing Loan Scheme to meet the needs of all economic segments including NRIs. Financing housing sector in rural and urban parts of India is a thrust area.

The Bank's lending to housing sector has grown by 17.99 percent during the year to reach the level of ₹ 4,279.68 crore as at 31.03.2011. The Bank is also implementing Golden Jubilee Rural Housing Scheme of the Government of India in rural areas having population not exceeding 50,000.

5.2.1 One per cent Interest Subvention on Housing Loan up to ₹ 10.00 lakh.

As per GOI guidelines, Bank has provided 1 per cent interest subvention to borrowers, who availed housing loans upto ₹ 10.00 lakhs costing upto ₹ 20.00 lakhs.

5.3 Model Educational Loan scheme

With the objective of ensuring that all deserving students get opportunity to pursue higher education, the Bank implemented a Model Educational Loan Scheme. As of March 2011, the Bank had lent ₹ 481.40 crore to 24354 students. The Bank has provided the facility of online submission of application for education loan through web-access.

5.3.1 Interest subsidy to Education loan borrowers under Economically Weaker Sections:

Bank has implemented interest subsidy scheme of Government of India for the year 2009-10 where the parental annual income is upto ₹ 4.50 lakh. Under the scheme, entire interest charged during moratorium period is reimbursed by the Central Govt.

5.4 Micro Finance

The Bank has always recognized the importance of credit to rural and urban poor for taking economic activity. The SHGs have proved to be effective instruments for empowerment of women. Bank has opened specialized branches for financing SHGs at Hadapsar, Pune and Goregaon, Mumbai during the year. The Bank has actively financed non-traditional activities of various Self Help Groups (SHGs).

As on 31.03.2011, there were 84087 SHGs formed by the Bank, out of which 81471 SHGs had availed aggregate financial assistance of ₹ 229.63 crore from the Bank constituting a growth of 54 per cent over previous year.

5.5 Assistance to SC/ST beneficiaries:

The Bank has been actively extending finance to SC/ST beneficiaries through various schemes. Total finance as on 31.03.2011 to SC/ST beneficiaries stood at ₹ 789.85 crore, constituting a growth of 15 per cent.

5.6 Advances to Minority Community:

A special cell has been set up at Central Office to review & ensure smooth flow of Credit to minority community. As of March 2011, the outstanding advances to minority communities were at ₹ 874.53 crore to 57135 beneficiaries.

5.7 Mahabank Current Account Diamond Scheme:

Existing schemes viz 'Pearl' and 'Sapphire' have been refurbished and another new Current Account Scheme viz 'Diamond Scheme' with additional free facilities has been introduced wef 14th December 2010.

5.8 Mahanidhi Scheme:

New "Maha Nidhi" Deposit scheme was introduced on 26.02.2011 to shore up retail term deposits of the Bank. Deposits amounting to ₹ 2,922.68 crore were mobilized under the scheme till 31.03.2011.

5.9 Additional rate of Interest to Senior Citizens

Interest rate on deposits in maturity slabs of one year and above has been increased to 0.75 per cent from 0.50 per cent for an amount less than one crore only w.e.f 10.01.2011

5.10 महाचेतना कार्यक्रम

बैंक की अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त करने और बैंक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग हेतु एक सशक्तीकरण कार्यक्रम 'महाचेतना कार्यक्रम' एक कर्मचारी प्रोत्साहन अभियान, अक्तूबर 2010 में लागू किया गया. महाचेतना कार्यक्रम चार प्रमुख कारोबारी मानदंडों पर आधारित था-

1. अनर्जक आस्तियों में कमी
2. जमा वृद्धि को बनाए रखना / चालू खाता बचत खाता जमाराशियों में अधिक वृद्धि करना.
3. अग्रिमों की गुणवत्ता में सुधार करना.
4. फीस आधारित आय में वृद्धि करना.

महाचेतना कार्यक्रम के अंतर्गत आदरणीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सभी 32 क्षेत्रों को भेंट दीं तथा सभी कर्मचारियों से कारोबार वृद्धि, एनपीए वसूली इत्यादि में उनके सक्रिय सहभाग हेतु परस्पर संवाद किया, जिसे स्टाफ सदस्यों, जिन्होंने बैंक के कारोबार विकास के लिए शपथ लीं, से भरपूर प्रतिसाद मिला.

6. निगमित सामाजिक दायित्व

6.1 बैंक ने महाराष्ट्र के पुणे जिले के हड़पसर और भिगवण में स्थित ग्रामीण विकास केंद्रों द्वारा किसानों के लाभार्थ 'प्रयोगशाला से खेतों तक' परियोजना, खारी मिट्टी का विकास, मिट्टी की जांच, उर्वरक के उपयोग पर परामर्श इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की विकासात्मक गतिविधियां चलाई जाती हैं.

